RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक

Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.dailypathakpaksh.in) Ph. 01662-313525

वर्ष : 36 | अंक : 243

हिसार | शुक्रवार, 1 दिसम्बर , 2023

फोन : 98964-72584, 92552-73410

मूल्य : 2.00 रूपए |पृष्ठ ६

# पाठकपक्ष

## 2 व 3 दिसम्बर को होने वाली हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा की सभी तैयारियों पूर्ण : यादव

**पाठकपक्ष न्यूज, भिवानी, 1 दिसम्बर :** 02 व 03 दिसम्बर को संचालित होने वाली हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट), दिसम्बर-2023 का निर्विघ्न, सुव्यवस्थित संचालन करने, विश्वसनीयता व पवित्रता बरकरार रखने के लिए हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा अभूतपूर्व प्रबंध किए गये हैं। विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बोर्ड अध्यक्ष डॉ. वी.पी.यादव ने बताया कि लेवल 1, 2 व 3 की होने वाली परीक्षा में प्रदेशभर में कुल 408 परीक्षा केंद्रों पर 2,52,028 परीक्षार्थी प्रविष्ट होंगे, जिनमें 172391 महिला, 79596 पुरूष व 41 ट्रांसजेंडर परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा केंद्रों की कड़ी निगरानी हेतु बोर्ड 172 उडऩदस्तों का गठन किया गया है तथा प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर एक-एक ऑब्जर्बर की नियुक्ति की गई है।

Sector-4, Hansi

IE Indravati ENCLAVE

Residential Plots at Affordable Prices




GATED COMMUNITY

WITH 4 PARKS & LUSH GREEN ENVIRONMENT

FEATURES

- Commercial Shopping Centre
- Flexible Payment Plans & Loan Facility
- 1.6395 Acre Community area
- Only 800 Meters from NH-9
- CBSE Affiliated School within 600 mtrs. Only.

BOOKING OPEN!

CALL US NOW:

+91-7027727505

+91-7027627505

H-RERA-PKL-HSR-514-2023 | Promoter - Rajesh Lamba | License No. 73 of 2023

## सम्पादकीय..........

# स्थायी शांति तभी संभव है जब सभी उग्रवादी समर्पण के लिए तैयार हों

मणिपुर के सबसे पुराने उग्रवादी संगठन यूनाइटेड नेशनल लिबरेटेड फ्रंट (यूएनएलएफ) के साथ केंद्र और राज्य सरकार के बीच हुए समझौते से इस क्षेत्र में शांति के नए द्वार खुलने की उम्मीद की जा सकती है। जटिल सामाजिक संरचना वाले पूर्वोत्तर राज्यों में अलगाववादी चरमपंथियों को वार्ता की मेज तक लाना किसी भी सरकार के लिए कठिन चुनौती रही है। जब भी ऐसी कोशिश होती है, कोई नया विद्रोही संगठन उसके खिलाफ खड़ा हो जाता है। पिछले कुछ माह में राज्य के बहुसंख्यक मैतेई व अल्पसंख्यक कुकी समुदायों के बीच हिंसा ने देश का ध्यान खींचा है। मैतेई व कुकी के बीच जातीय तनाव ने लगातार शिथिल पड़ते उग्रवादी गुटों को फिर से हरकत में ला दिया। केंद्र व राज्य सरकारें लगातार शांति बहाली के प्रयास करती रहीं और आखिरकार चरमपंथी गुट यूएनएलएफ को शांति के पथ पर लाने में सफलता मिल ही गई। यह कहना जल्दबाजी होगी कि अब मणिपुर में सब कुछ सामान्य हो जाएगा। यूएनएलएफ राज्य का सबसे पुराना उग्रवादी संगठन जरूर है पर यही एकमात्र ऐसा संगठन नहीं है। मणिपुर में ऐसे करीब सात चरमपंथी संगठन सक्रिय हैं। भारत से अलग एक सम्प्रभु समाजवादी मणिपुर बनाने के उद्देश्य से अरेंबम समरेंद्र सिंह ने 24 नवंबर 1964 को यूएनएलएफ का गठन किया था। वर्ष 2000 में समरेंद्र की हत्या के बाद आर.के. मेघन ने इस संगठन की कमान अपने हाथ में ले ली थी। 2010 में मेघन की गिरफ्तारी के बाद खुंडोंगबाम पाम्बेई इसका अध्यक्ष बन गया था। 2021 में पाम्बेई गुट के यूएनएलएफ से अलग होकर एन.सी. कोईरेंग के नेतृत्व में संगठन का एक नया गुट सामने आया। पाम्बेई गुट से वार्ता की पहल लंबे समय से चल रही थी। ताजा शांतिवार्ता इसी गुट के साथ हुई है। इसमें कोई शक नहीं कि पिछले कुछ सालों में पूर्वोत्तर राज्यों के उग्रवादी संगठनों पर नकेल कसने में सुरक्षा बलों को काफी हद तक सफलता मिली है। मणिपुर में ज्यादातर चरमपंथी या तो कमजोर हो गए हैं या शांत हैं या म्यांमार में जा छिपे हैं। वहां उन्हें स्थानीय जनता और सेना से हर तरह की मदद मिलती रही है। लेकिन पिछले कुछ समय से म्यांमार सेना और स्थानीय लोगों के बीच तनाव बढ़ा है। ऐसी खबरें हैं कि भारतीय सुरक्षा एजेंसियों के इनपुट के आधार पर म्यांमार सेना (जुंटा) ने अपनी जमीन पर मौजूद पूर्वोत्तर के उग्रवादी शिविर ध्वस्त कर दिए हैं। हो सकता है इसी कारण यूएनएलएफ ने शांति समझौता करना श्रेयस्कर समझा हो। इतिहास गवाह है कि ऐसे शांति समझौतों का इस्तेमाल उग्रवादी संगठन ताकत बढ़ाने के लिए करते रहे हैं। वैसे भी स्थायी शांति तभी संभव है जब सभी उग्रवादी समर्पण के लिए तैयार हो जाएं। यूएनएलएफ के साथ समझौता अन्य उग्रवादियों को रास्ता दिखा सकता है।

# क्यों जरूरी है अपने अंदर के बच्चे को बचाकर रखना

सोच, आचरण और संवाद में नियमों, सिद्धांतों से टस से मस न होने वाले एक सज्जन अपने इकलौते बेटे की पढ़ाई में मन न लगने से परेशान रहते थे। बेटा उनसे दूरी बनाकर रहने लगा था। सिर पर बोर्ड की परीक्षा, पर उसकी चिंता बेटे को नहीं बल्कि पिता को सता रही थी। अपनी समस्या उन्होंने स्कूल के प्रिंसिपल के सामने रखी। लेकिन जब उसी सज्जन से प्रश्न पूछा गया तो वह सन्न रह गए। 'आप अपने बेटे के साथ कितना खेलते, दौड़ते या हंसी-मजाक करते हैं?' घर-परिवार से अलहदा भावनात्मक दुनिया निर्मित करने वाले पिता, अभिभावकों को मंथन करना होगा कि क्या इसके पीछे उनका नपा-तुला, पुस्तकीय, रूखा व्यवहार तो नहीं है? कहीं आपको हर बात औचित्य और तर्क की कसौटी पर तोलने या मौके-बेमौके समझाते रहने की आदत तो नहीं है? ऐसा है तो आपका व्यवहार सहज, उन्मुक्त नहीं रहेगा और आपके आसपास की फिजां उबाऊ हो जाएगी। बच्चे तो दूर, परिजन या अन्य व्यक्ति भी आपसे कतराएंगे। तर्क को सबसे ऊपर रखेंगे तो जरूरी काम रुक जाएंगे। डेल कार्नेगी ने भी कहा है, 'लोग तर्क की नहीं बल्कि भावों की माटी के बने हैं। अपने भीतर के बालक का गला घोंट देंगे तो आप भी तेजी से ढलने लगेंगे।' बेशक किसी कार्य को सुचारू रूप से संपन्न करने या निर्धारित लक्ष्य पाने के लिए अनुशासन में बंधना और उचित-अनुचित के भेद को समझना जरूरी है, पर नियम के बंधन में कार्य करना उद्देश्य नहीं होना चाहिए। यह अपने लक्ष्य या गंतव्य तक पहुंचने की यात्रा को सुगम बनाने का साधन मात्र है। इसीलिए सरकारी या कॉरपोरेट योजनाओं के नीतिगत दस्तावेजों की शुरुआत में स्पष्ट उल्लेख मिलेगा कि प्रस्तावित कार्य

**अध्यात्म**

विधियां मार्गदर्शी स्वरूप की हैं, बाध्यकारी नहीं। इन्हें विवेक या जरूरत के अनुसार संशोधित, परिवर्तित या निरस्त कर सकते हैं। तर्क या नियम के उपासक के गले यह बात नहीं उतरती और इसी स्वभाव के चलते वह दुनिया के अनेक दिलचस्प आयामों से अछूता रहता है। ओशो कहते हैं कि दुनिया के कार्यकलापों को तनिक नटखटी, सहज दृष्टि से देखें, चिंतक की भांति नहीं। दार्शनिक बनने का उपक्रम छोड़कर सहज रहने के अभ्यस्त बनें। समूची कायनात भिन्न-भिन्न तरीकों से आप पर आनंद बरसाने को तुली है और आप हैं कि गंभीर मुद्रा धरे अपने हृदय के द्वार बंद किए बैठे हैं। ऐसा ना करें! अल्बर्ट आइंस्टाइन ने कहा है कि तर्क आपको 'क' से 'ख' तक पहुंचा देगा, पर कल्पना आपको कहीं भी ले जाएगी। हमारे इर्द-गिर्द जो भी घटित होता है उसे तर्क के बूते नहीं समझा जा सकता। प्रकृति स्वयं एक अबूझ अस्मिता है। घटनाक्रम के सत्य को भली भांति समझने में तार्किक व्याख्या से जो असंतुष्टि मिलती है, वही जिज्ञासु को निरंतर आध्यात्मिक मार्ग की ओर आकृष्ट करती रही है। अमेरिकी शिक्षाविद हेनरी आइरिंग की राय में जीवन के अहम प्रश्नों की व्याख्या तार्किक चिंतन से संभव नहीं है, इसके लिए ईश्वरीय कृपा आवश्यक है। भूमंडल सहित समस्त अंतरिक्ष के सही तरीके से संचालन का दारोमदार तालमेल पर है। प्रकृति की सामंजस्यपूर्ण व्यवस्था में खींचतान और तर्क-वितर्क के लिए स्थान नहीं है। मनुष्य के लिए संदेश है कि तर्क की उलझनों से बचे और सहज, सहयोगी और शांत भाव जैसे दैविक गुणों का वरण करे। तभी वह दैविक शक्तियों से जुड़ा रहेगा। एपल कंपनी के प्रेरणादायी सीईओ रहे स्टीव जॉब्स कहते हैं कि सार्थक जीवन के लिए अंतरात्मा के स्वर का महत्व शुद्ध चिंतन और बौद्धिक विश्लेषण से कहीं अधिक है। अंतरात्मा हमारे बौद्धिक स्वरूप से अधिक सशक्त है।

## सुण मौल्लड़ की



कश्मीर में आतंकवाद के लिए अब कोई जगह नहीं - उपराज्यपाल

हिम्मत -ए-मर्दा, मदद-ए-खुदा।

## कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** आत्म सम्मान में वृद्धि होगी। विद्यार्थियों को मन चाहे परिणाम प्राप्त होंगे। संतान के साथ संबंध मधुर बनेंगे।
**वृषभ :** लोगों के विरोध का सामना करना पड़ेगा। वाहन चलाते समय सावधानी रखें मन में तनाव बना रहेगा। दुर्गा माता की पूजा करें।
**मिथुन :** प्रत्येक कार्य में सफलता प्राप्त होगी। महत्वपूर्ण निर्णय लेने से लाभ होगा। व्यक्तित्व में निखार आएगा।
**कर्क :** परिवार के साथ खुशी भरे पल व्यतीत करेंगे। आर्थिक लाभ संभव है। महत्वपूर्ण समाचार प्राप्त होंगे।
**सिंह :** मन संवेदनशील बना रहेगा। पुरानी बातें भूलाकर नई शुरूआत करेंगे। अनुभवी लोगों की सलाह लाभकारी रहेगी।
**कन्या :** उधार के लेन-देन से बचें। महत्वपूर्ण निर्णयों को टाल दें। आंखों व पैरों का ध्यान रखें, चोट लगने की आशंका। भगवान कृष्ण जी की पूजा करें।
**तुला :** लोगों का सहयोग मिलेगा। यात्रा से लाभ होगा। आय के नए साधन प्राप्त होंगे।
**वृश्चिक :** प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। इंटरव्यू में सफलता प्राप्त होगी। पूंजी निवेश से लाभ होगा।
**धनु :** नए संपर्कों का लाभ मिलेगा। सामाजिक कार्यों में भागीदारी बढ़ेगी। सफलता की राह में आ रही रूकावट दूर होगी।
**मकर :** किसी अंजान स्थान की यात्रा न करें। लोग पीठ पीछे आपकी निंदा करेंगे। असामाजिक गतिविधियों से दूर रहें। भगवान गणेश जी की पूजा करें।
**कुंभ :** भाग्योदय के अवसर प्राप्त होंगे। भौतिक सुख-सुविधा में बढ़ौतरी होगी। विपरीत लिंग की तरफ आकर्षित होंगे।
**मीन :** कोई पुराना रोग परेशान कर सकता है। बेवजह विवाद करने से बचें। कोर्ट कचहरी के मामलों में सावधानी बरतें। भगवान शिव जी की पूजा करें।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
**नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)**

# श्री काली देवी विद्या मंदिर की छात्रा हर्षिता मलिक ने बनाई एक सेंटीमीटर छोटी गणेशजी की मूर्ति

## सोलो कैटेगरी में इंटरनेशनल बुक ऑफ़ रिकार्ड्स में एक नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 1 दिसम्बर :** श्री काली देवी विद्या मंदिर, हांसी की छात्रा हर्षिता मलिक ने पिश्ते के छिलके पर भगवान गणेश जी की सबसे छोटी मूर्ति जिसका माप एक सेंटीमीटर में एक सेंटीमीटर कुल समय 11 मिनटों में बनाकर सोलो कैटेगरी में इंटरनेशनल बुक ऑफ़ रिकार्ड्स में एक नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया। इस अद्भुत उपलब्धि पर विद्यालय प्राचार्या श्रीमती गीता मेहता ने हर्षिता मलिक को हार्दिक बधाई देते हुए कहा की यह कृति विद्यालय के अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा स्रोत है जिससे कि वह भी अपने रुचि के क्षेत्र में उत्कृष्टता की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित हो। हर्षिता की कलात्मक प्राप्ति हमारे विद्यालय समुदाय में रचनात्मकता और प्रतिभा को प्रतिष्ठित करती है।

# हर एक के साथ सम्मान पूर्वक व्यवहार करना बड़प्पन की निशानी है

**-पाठकपक्ष डेस्क-**



हर व्यक्ति जीवन में मान चाहता है,जब हम अपने अंदर इस अहसास को जगाते हैं तो इसे स्वमान में रहना कहते हैं और जब हम दूसरों के लिए यही मान का भाव रखते हैं तो इसे सम्मान करना कहते हैं। दूसरों का सम्मान करना और उनसे सम्मान पाना दोनों आपस में जुड़े हुए हैं, सम्मान पाना यदि सौभाग्य की बात है तो सम्मान करना उससे भी बड़े भाग्य की बात है। ब्रह्मा कुमारीज़ में कहते हैं कि जब हम दूसरों का सम्मान करते हैं, इसका यह मतलब नहीं है कि हम उनसे कमजोर है या कमतर, अपितु हर एक को उचित सम्मान देना हमारा संस्कार और स्वभाव है। पहले जब हम पत्र लिखते थे तो, बड़ों के लिए,चाचा मामा, बाबा, ताऊ, कोई भी हो, कुछ भी हो, माननीय, सम्माननीय, पूजनीय शब्दों का प्रयोग करते थे, इससे उनके प्रति हमारे मन में आदर, प्रेम और श्रद्धा का भाव व्यक्त होता था, अब यह संस्कार तो लोप ही होता जा रहा है। सबसे पहले तो हम आदर, सम्मान करते क्यों है? हो सकता है कि आयु, गुणों, शक्तियों, पद-प्रतिष्ठा के कारण, हम दूसरों का सम्मान करते हो,पर क्या हमें सबका सम्मान नहीं करना चाहिए, क्योंकि सम्मान देकर ही हम दूसरों को सम्मान करना सिखाते हैं। अंग्रेजी में तो कहावत है, रिस्पेक्ट इज़ कमांडेड, नॉट डिमांडेड अर्थात इज्जत मान मांगा नहीं जाता, उसके योग्य बनना पड़ता है। यह भी सही है,पर स्वमान में रह कर अगर हम सबको सम्मान की दृष्टि से देखते हैं तो दूसरे को तो अच्छा लगता ही है, हम स्वयं भी अच्छा महसूस करते हैं। अपने से उम्र में बड़ों का भी सम्मान तो करना ही चाहिए, पर लिहाज तो जरूर करना चाहिए, क्योंकि उन्होंने हमारे से ज्यादा बसंत और पतझड़ देखें होते हैं और उन्हें अनुभव भी ज्यादा होते हैं। एक जंगल में एक विशाल पीपल का पेड़ था। उसके समीप ही एक लता निकल आई, दो माह में ही वह बढ़ कर पीपल के पेड़ से लिपट गई। एक दिन उसने पीपल के पेड़ से पूछा, 'क्यों बाबा! तुम यहां कब से खड़े हो?' पीपल का पेड़ मौन रहा, कुछ समय तक उसने कोई उत्तर नहीं दिया, हवा के झोंकों के साथ धीरे धीरे झूमता रहा। कुछ समय बाद लता ने पीपल के पेड़ से फिर वही प्रश्न दोहराया। इस बार पीपल ने धीरे से कहा, 'कोई सौ वर्ष से मैं यहां खड़ा हूं' लता जोर से हंसी और बोली, 'बड़े आश्चर्य की बात है, मैं दो माह में ही तुम्हारी चोटी को छू रही हूं और तुम सौ वर्ष में मात्र इतने ही बढ़ पाए' पीपल का पेड़ गंभीर स्वर में बोला, 'हां, तुमने ठीक कहा, लेकिन तुमने अभी आंधी पानी के झौंके देखे कहा है? सौ वर्षों में तुम दो सौवीं लता हो, जिसने फिर वही बात दुहराई है।'

**-डॉ. कमलेश कली**

## कर्म का मर्म

# दरबारी ने किया मरने का नाटक

छत्रसाल महाराज अपनी न्यायप्रियता के लिए जाने जाते थे। उनके मंत्रियों में पंडित देशराज बड़े ईमानदार और परिश्रमी थे। वह दिन-रात राज्य की सेवा में समर्पण भाव से लगे रहते थे। इसलिए महाराज के बड़े प्रिय थे और सम्मान भी पाते थे। इस बात से कुछ मंत्री उनसे ईर्ष्या करने लगे। उधर महाराज को राज्य में भ्रष्टाचार की कुछ खबरें मिलीं तो उन्होंने मंत्रियों की बैठक बुलाई और सभी मंत्रियों से इस पर अपने विचार प्रकट करने को कहा। ईर्ष्या करने वाले मंत्री तो ऐसे ही मौके की तलाश में थे। उन्होंने सारा दोष मंत्री पंडित देशराज पर मढ़ दिया। राजा असमंजस में पड़ गए। लेकिन मौके की नजाकत समझते हुए महाराज ने देशराज को अपने पास बुलाया और कहा कि ये लोग तुम्हारे ऊपर जो आरोप लगा रहे हैं, उसके निराकरण के लिए तुम्हें एक सप्ताह का समय दिया जाता है। तुम्हें खुद को निर्दोष साबित करना पड़ेगा, नहीं तो दंड भुगतना पड़ेगा। देशराज घर आकर सोच में पड़ गए। वह मंत्रियों की चाल समझ गए। आखिर उन्हें एक उपाय सूझा। उन्होंने राजा को पत्र लिखा, 'राजन! अपमानित होने से मरना अच्छा है' और स्वयं को घर में कैद कर लिया। कुछ दिनों तक देशराज की कोई खबर नहीं मिली तो राजा ने उन्हें मृत समझ लिया। राजा ने देशराज की शोकसभा आयोजित की। देशराज वेष



बदलकर शोकसभा में पहुंच गए। शोकसभा में अनेक मंत्रियों ने देशराज की कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की। यहां तक कि शिकायत करने वाले मंत्रियों ने भी उनकी ईमानदारी और देशभक्ति के गुण गाए। देशराज तुरंत अपने असली रूप में आकर राजा के सामने खड़े हो गए। उन्हें देख विरोधियों के होश उड़ गए। देशराज ने राजा से कहा, 'देखा महाराज, इन लोगों की राय कैसे बदल गई।' राजा समझ गए। उन्होंने शिकायत करने वाले मंत्रियों को बर्खास्त कर दिया और देशराज को सम्मानित किया।

# आईडी डीएवी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने तकनीकी गतिविधियों में दिखाई अनोखी प्रतिभा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 दिसम्बर :** आईडी डीएवी पब्लिक स्कूल,हिसार के टेक्नो सेवी क्लब में कक्षा तीसरी से आठवीं तक के छात्रों ने तकनीकी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों ने वेब डिज़ाइनिंग द्वारा वेबसाइट बनाकर वाह-वाही लूटी। कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों ने स्क्रैच सॉफ्टवेयर का प्रयोग करके विभिन्न प्रकार के एनिमेशन गेम्स बनाकर अनोखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षा पाँचवीं व छठी के विद्यार्थियों ने पोस्टर और प्रेजेंटेशन बनाई। कक्षा तीसरी व चौथी के विद्यार्थियों ने टक्स पेंट सॉफ्टवेयर द्वारा दीवाली, जन्मदिन, डोरेमोन, लैंडस्केप, सी-स्केप, रेनी सीन, व सौरमंडल आदि की सुंदर - सुंदर पेंटिंग बनाकर तकनीकी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती नीलम गर्ग ने कहा कि जैसे-जैसे तकनीकी विकास हो रहा है, हमारा देश प्रगति के पथ पर अग्रसर हो रहा है। तकनीकी हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनती जा रही।इंटरनेट के युग में तकनीकी ज्ञान होना अति आवश्यक है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के प्रयास की भूरि- भूरि प्रशंसा।

# 4 दिसंबर को पिछड़ा वर्ग मनाएगा रोहतक में संत शिरोमणि सैन भगत जयंती हजारों लोग करेंगे शिरकत : योगेंद्र योगी

**पाठकपक्ष न्यूज**



**हिसार, 1 दिसम्बर :** संत शिरोमणि सैन भगत जयंती 4 दिसंबर को रोहतक के पुरानी आई टी आई ग्राउंड में मनाई जाएगी। उक्त जानकारी प्रेस को देते हुए राष्ट्रीय नाई महासभा के प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र योगी पूर्व चेयरमैन हरियाणा केश कला एवं कौशल विकास बोर्ड ने बताया की पिछड़ा वर्ग ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है संत महात्माओं ने समाज को नई राह दिखाई है सत्य, प्रेम, अहिंसा और अध्यात्म का संदेश दिया है हम पूरा समाज मिलकर ऐसे संत की जयंती मनाएंगे। योगी ने बताया की कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे और पिछड़ा वर्ग के प्रदेश के अग्रणी नेता वशिष्ठ अतिथि के तौर पर भाग लेंगे। योगी ने बताया की पिछड़ा वर्ग की विभिन्न मांगे सांसद महोदय के सामने रखेंगे। उन्होंने कहा की हम भाजपा सरकार से भी मांग करते हैं की पिछड़ा वर्ग के छात्रों को दाखिलों और नोकरियों से वंचित करने के लिए लगाई गई असंवैधानिक क्रिमिलेयर तुरंत प्रभाव से रद्द की जाए। सभी प्रकार की नोकरियों में 27 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए। हाथ का काम करने वाले कारीगरों को अनुसूचित जाति जन जाति की तरह सब्सिडी से 10 लाख का लोन दिया जाए और सभी कारीगरों का स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी सरकार की तरफ से की जाए। जाती जनगणना करवाई जाए और आबादी के अनुपात में हर स्तर पर हिस्सेदारी दी जाए। योगी ने कहा की आज भाजपा सत्ता में केवल पिछड़ा वर्ग के कारण है लेकिन इन्होंने सबसे पहले पिछड़ों का ही पत्ता काटने का काम किया। योगी ने बताया की कांग्रेस की चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा सरकार में अति पिछड़ा वर्ग के लिए बहुत सी कल्याणकारी योजनाएं लागू की थी जिसमें छात्रवृति, पिछड़ा वर्ग निगम के कर्ज माफ,100-100 गज के प्लॉट और राजनैतिक भागीदारी देने हेतु मिट्टी कला एवं केश कला बोर्ड का गठन प्रमुख थे। लेकिन भाजपा ने दोनो बोर्डों का लगभग खत्म ही कर दिया ना बजट दिया और ना ही नियुक्तियां की हैं आज आरक्षण को खत्म करने के लिए कौशल रोजगार स्कीम चलाई है ये चोर दरवाजे से अपने चेहतों को भरने का प्रयास है। योगी ने कहा भाजपा हमेशा से ही बांटने की राजनीति करती है और कांग्रेस सभी जाति, धर्म, मजहब के लोगों को जोड़कर चलती है। योगी ने पिछड़ा वर्ग के लोगों से आह्वान किया की 4 दिसंबर को रोहतक में पहुंच कर अपनी एक जुटता का परिचय दें और पिछड़ों के हक हकूक अधिकारों पर कैंची चलाने वाली सरकार को आईना दिखाने का कार्य करें।










# विकसित भारत संकल्प यात्रा के पहले दिन 6 गांवों में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर : डॉ कमल गुप्ता

## अगले 5 वर्ष तक देश के 87 करोड़ लोगों को उपलब्ध करवाया जाएगा निःशुल्क अनाज : रणबीर गंगवा

## आयुष्मान व चिरायु योजनाएं गरीब परिवारों के मरीजों के लिए लाईफलाइन : श्रम मंत्री अनूप धानक









**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 दिसम्बर :** विकसित भारत संकल्प यात्रा के पहले दिन जिले के विभिन्न उपमंडलों के 6 गांवों में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान नागरिकों में भारी उत्साह देखा गया और उन्होंने बड़े ही जोश से यात्रा का स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री डॉ कमल गुप्ता सातरोड़ कलां, डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा चूली बागड़ियान व गंगवा तथा श्रम मंत्री अनूप धानक कुंभा खेड़ा में लोगों से रूबरू हुए और विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुआयना किया।

गांव सातरोड़ कलां में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए डॉ कमल गुप्ता ने कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य केंद्र तथा हरियाणा सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाकर उनका लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना है। यह यात्रा अगले वर्ष 25 जनवरी तक चलेगी, जिसमें 57 रथ शामिल हैं। यात्रा में शामिल प्रत्येक रथ में वह तमाम् सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई है, जिनके माध्यम से नागरिक राशन कार्ड, वोटर कार्ड, पेंशन बनवाने सहित अनेक योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में तीसरी तथा चौथी स्टेज के कैंसर मरीजों को 2750 रुपये प्रति माह पेंशन देने का प्रस्ताव भी पारित कर दिया है।

चूली बागड़ियान तथा गांव गंगवा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा के डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। अगले 5 वर्ष तक केंद्र सरकार देश के 87 करोड़ गरीब लोगों को निःशुल्क अनाज उपलब्ध करवाकर उनके जीवन को सहज बनाने का काम करेगी। सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं को परिवार पहचान पत्र से जोड़कर घर बैठे पेंशन बनवाने का काम किया गया है। अब तक 1 लाख 82 हजार वृद्धों तथा 14 हजार दिव्यांगों को घर बैठे योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। राज्य सरकार ने 2750 रुपये पेंशन को बढ़ाकर 3 हजार रुपये कर दिया गया है, जोकि जनवरी 2024 से लागू होगी। वृद्धावस्था पेंशन की पात्रता के लिए वार्षिक आय की सीमा को भी 2 लाख रुपये से बढ़ाकर 3 लाख रुपये किया गया है।

गांव कुंभा खेड़ा में श्रम मंत्री अनूप धानक ने बतौर मुख्यातिथि लोगों को संबोधित करते हुए राज्य व केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं को विस्तार से लोगों के समुख रखा और आह्वान किया कि हर पात्र व्यक्ति इन जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेकर अपने जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का काम करें। उन्होंने आयुष्मान व चिरायु योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह योजनाएं गरीब परिवारों के मरीजों के लिए लाईफलाइन साबित हो रही है। इसके अतिरिक्त सदलपुर तथा हसनगढ़ में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस अवसर पर उपायुक्त उत्तम सिंह, भाजपा के जिलाध्यक्ष कैप्टन भूपेंद्र सिंह, चेयरमैन ईश्वर मालवाल, पूर्व विधायक वेद नारंग, पिछड़ा वर्ग के पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, पूर्व आईपीएस डॉ दलबीर भारती, पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू, प्रवीन जैन, प्रवीन पोपली, रामचंद्र गुप्ता, सुशील बुड़ाकिया, राजकुमार इंदौरा, नरेश नैन, अनिल कैरो, सुरेंद्र सैनी, रविंद्र रॉकी, तरूण जैन, भाजपा नेता अशोक सैनी, अतिरिक्त उपायुक्त नीरज, सीईओ जिला परिषद अश्वीर नैन, एसडीएम विजया मलिक, तहसीलदार राम निवास भादू, खंड विकास अधिकारी कीर्ति सिरोहीवाल, सरपंच प्रतिनिधि विनोद बेनीवाल, यात्रा संयोजक श्याम सुंदर शर्मा, संजय सूरा, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### कार्यक्रमों में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी स्टालें

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रमों में 15 विभागों द्वारा प्रदर्शनी स्टालें लगाकर नागरिकों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ मौके पर ही योजनाओं व सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया। बहुत से लोगों के मौके पर ही आयुष्मान भारत, पेंशन, परिवार पहचान पत्र व राशन कार्ड इत्यादि बनाए गए। विभिन्न खेलों में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया तथा स्वामित्व योजना के तहत जमीनी रजिस्ट्रियों तथा प्रॉपर्टी कार्ड भी संबंधित लोगों को उपलब्ध करवाए गए। गांव सातरोड़ कलां में खेल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि गांव के खिलाड़ी तरूण ढ़िल्लों पैरा एशियन बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहे थे। उन्होंने बताया कि खिलाड़ी को राज्य सरकार की खेल नीति के अनुसार 3 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध करवाने के लिए प्रस्ताव तैयार कर सरकार को भिजवा दिया गया है। कार्यक्रम में गांव के 13 लोगों के प्रॉपर्टी कार्ड बनाए गए तथा जमीनी रजिस्ट्री के कागजात भी उपलब्ध करवाए गए। इसके अलावा 22 उत्कृष्ठ खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

# हकृवि के 14 विद्यार्थियों का आस्ट्रेलिया की वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में प्रशिक्षण के लिए चयन

## चयनित विद्यार्थी उपरोक्त यूनिवर्सिटी में खाद्य प्रसंस्करण विषय में करेंगे ज्ञान प्राप्त




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 दिसम्बर :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के 14 विद्यार्थियों का आस्ट्रेलिया की वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में प्रशिक्षण के लिए चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थी एक माह तक उपरोक्त यूनिवर्सिटी में कृषि से संबंधित नए आयाम, प्रौद्योगिकियों, नवाचार एवं खाद्य प्रसंस्करण विषय में व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने इन सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की और उन्हें भविष्य में भी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि विश्वविद्यालय के 14 विद्यार्थियों का आस्ट्रेलिया की वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में चयन होना गौरव की बात है। यह विश्वविद्यालय में अपनाए जा रहे उच्च शैक्षणिक व अनुसंधान मानकों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय लगातार विद्यार्थियों के सर्वांगिण विकास व अंतर्राष्ट्रीय एक्सपोजर में प्रयासरत है। हकृवि विश्व स्तर के विश्वविद्यालयों में शुमार है क्योंकि न केवल यहां के विद्यार्थी विदेशों में पढ़ाई के लिए जाते हैं बल्कि विदेशी छात्र भी यहां पढ़ाई के लिए आ रहे हैं। स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता एवं आईडीपी परियोजना के प्रमुख अन्वेषक डॉ. के.डी.शर्मा ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों में कृषि महाविद्यालय, हिसार से तृतीय वर्ष की छात्राएं सोनिका व सोनाली, द्वितीय वर्ष के छात्र अर्पित काम्बोज, कृषि महाविद्यालय, कौल की तृतीय वर्ष की छात्राएं ममता व अंतिम वर्ष की छात्रा भूमिका, द्वितीय वर्ष की छात्रा गरिमा रावल व सुरभि, कृषि महाविद्यालय, बावल के अंतिम वर्ष के छात्र देव शर्मा, छात्रा स्वाति पंचाल व मनीषा, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अंतिम वर्ष की छात्राएं पूजा व कोमल, तृतीय वर्ष की छात्राएं संजीवनी व प्रियंका शामिल है। इस अवसर पर चयनित विद्यार्थियों ने कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के मार्गदर्शन में चलाई जा रही आईडीपी परियोजना के प्रमुख अन्वेषक व स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. के.डी. शर्मा सहित अपने माता-पिता द्वारा दिए गए प्रोत्साहन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में शिक्षा के लिए उपलब्ध सुविधाओं और शिक्षकों की ओर से मिले मार्गदर्शन की प्रशंसा की। इस अवसर पर मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य व विवेक गर्ग भी मौजूद रहे।

# एनकोर्ड तथा एनडीपीएस एक्ट के तहत बैठक आयोजित

## ड्रग तस्करी एवं नशीली दवाओं के इस्तेमाल पर पर अंकुश लगाने के लिए चलाए गए अभियान की समीक्षा की गई



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 दिसम्बर :** उपायुक्त उत्तम सिंह ने नशीले पदार्थों तथा अवैध नशीली दवाओं की रोकथाम हेतु अधिकारियों की बैठक ली और ऐसे पदार्थों व दवाओं की तस्करी करने वाले अपराधियों को पकड़कर उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पुलिस विभाग व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को एनकोर्ड तथा एनडीपीएस एक्ट के तहत ड्रग तस्करी एवं नशीली दवाओं पर अंकुश लगाने के लिए संयुक्त रूप से कार्यवाही करने की हिदायत दी। उन्होंने स्कूल, कॉलेज व अन्य सभी शिक्षण संस्थाओं में नशा मुक्ति की रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को नशे से ग्रस्त व्यक्तियों के ईलाज के लिए अग्रणी कार्य कर रही संस्थाओं के साथ मिलकर नशा मुक्ति केंद्रों की सहायता से उनके परिवारों को प्रोत्साहित करने की हिदायत दी। इसके पश्चात उपायुक्त ने जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की समीक्षा करते हुए बताया कि जिले में अवैध कॉलोनियों को पनपने से रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया गया है, जिसके तहत कई कॉलोनियों में डेमोलेशन की कार्यवाही की गई है। उन्होंने डीटीपी को बाकी बची कॉलोनियों में भी जल्द से जल्द ऐसी ही कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# विभाग की गलती का खामियाजा भुगत रहे स्कूल, चिराग योजना में विभागीय साइट पर गलत दर्शा रहा डाटा

## प्राइवेट स्कूल संघ प्रतिनिधिमंडल ने विभाग के निदेशक के समक्ष उठाई समस्या

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 दिसम्बर :** हरियाणा प्राइवेट स्कूल संघ का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेशाध्यक्ष सत्यवान कुंडू की अध्यक्षता में गुरूवार को मौलिक शिक्षा विभाग के डायरेक्टर आरएस ढिल्लो से मिला। पंचकुला स्थित शिक्षा सदन में हुई इस बैठक में संघ प्रतिनिधिमंडल ने प्राइवेट स्कूलों की समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। विशेष तौर पर चिराग योजना को लेकर विभाग के साफ्टवेयर की खामियों को दुरूस्त करने की मांग उठाई गई। प्रदेशाध्यक्ष सत्यवान कुंडू ने कहा कि चिराग योजना में विभाग ने कई अनावश्यक शर्तें जोड़ दी है, जिसके चलते गरीब बच्चों को इस योजना का उचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। विभाग के इस योजना से संबंधित सॉफ्टवेयर में कई खामियां है। प्राइवेट स्कूलों ने चिराग योजना के बच्चों के कागजात शिक्षा विभाग की साइट पर अपलोड कर दिए थे, लेकिन सॉफ्टवेयर में अपडेट न होने के कारण संबंधित बच्चों की जगह किसी दूसरे बच्चे की एसएलसी दिखाई दे रही है, जिसके कारण लाभांवित बच्चों की वेरिफिकेशन नहीं हो पा रही है। उन्होंने निदेशक से मांग की कि जिन स्कूलों ने अपने कागजात विभाग की साइट पर अपलोड कर दिए थे, उनको चिराग योजना का लाभ दिया जाए ताकि अधिक से अधिक बच्चों का इस योजना का सही लाभ मिल सके। डायरेक्टर ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि जल्द ही इस समस्या का समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष सत्यवान कुंडू के साथ लीगल एडवाइजर अजय खुडिया, विजेंद्र कुंडू, सीताराम व नरेंद्र सहित अन्य प्रतिनिधि मौजूद थे।

# विकास डिफेंस स्कूल की बेटियों ने नेशनल रॉकबॉल प्रतियोगिता में लहराया परचम



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 दिसम्बर :** 25 से 27 नवंबर तक दिल्ली में आयोजित छठी सब जूनियर तथा 7वीं सीनियर रॉक बाल नेशनल प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपने खेल का बेहतर प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ की टीम को हराकर कांस्य पदक हासिल किया। विद्यालय में पहुंचने पर स्कूल प्रबंधक दीपक बूरा, संजय बूरा, तेलू राम सरपंच, सुरेंद्र आर्य, प्रदीप कालीरावणा व स्कूल के मुख्य अध्यापक चरण सिंह व मनीष शर्मा तथा समस्त अध्यापक गण ने बच्चों व उनके कोच अजय पुनिया को बधाई देते हुए भव्य स्वागत किया।

# मनोज चंद्रवंशी ने बार एसोसिएशन उपप्रधान पद के लिए दाखिल किया नामांकन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 दिसम्बर :** बार एसोसिएशन चुनाव नामांकन के अंतिम दिन एडवोकेट मनोज चंद्रवंशी ने दल-बल के साथ चुनाव अधिकारी एडवोकेट राजेश जाखड़ के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया। उल्लेखनीय है कि आगामी 15 दिसंबर को हिसार बार एसोसिएशन का चुनाव होना है जिसके लिए कल से विभिन्न पदों के लिए नामांकन दाखिल किए जा रहे हैं। कल 1 दिसम्बर को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक नामांकन वापस लेने का समय रखा गया है। मनोज चंद्रवंशी ने कहा कि वकील साथियों के मिल रहे अभूतपूर्व समर्थन को देखते हुए वे भारी मतों से अपनी जीत को लेकर आश्वस्त हैं। एडवोकेट चंद्रवंशी के नामांकन के अवसर पर उपस्थित समर्थक वकीलों ने कहा कि मनोज चंद्रवंशी अधिवक्ताओं की समस्याओं को उठाने व उनके समाधान के लिए हमेशा प्रयासरत रहते हैं। इसलिए मनोज चंद्रवंशी की जीत से निश्चित तौर पर जिला बार एसोसिएशन को लाभ होगा।

# फ्लेमिंगो रिपोर्ट में पूर्व नौ सैनिकों का राज्य स्तरीय सम्मेलन 3 दिसंबर को




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 दिसम्बर :** भूतपूर्व नौ सैनिक एसोसिएशन द्वारा समस्त हरियाणा के पूर्व नौ सैनिकों का राज्य स्तरीय सम्मेलन 3 दिसंबर 2023 को फ्लेमिंगो रिजॉर्ट हिसार में आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के लगभग 3 हजार पूर्व नौसैनिक भाग लेंगे। प्रधान सुभाष कुंडू की अध्यक्षता में सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए एसोसिएशन के सचिव जय नारायण जाखड़ ने बताया कि प्रत्येक वर्ष होने वाले इस आयोजन में पूर्व नौ सैनिकों से संबंधित समस्याओं व सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं, सेवानिवृत्ति के बाद आने वाली कठिनाइयों, पुनर्वास संबंधी विषयों पर विचार-विमर्श व निष्पादन के लिए चर्चा की जाती है। फ्लेमिंगो रिजॉर्ट में हुई बैठक के दौरान एक्स नैवल वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष कुंडू ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि यह एसोसिएशन लगभग 20 वर्षों से पूर्व नौ सैनिकों से संबंधित विषयों पर कार्य करती है। इस बार नौसेना दिवस के अवसर पर प्रथम रविवार 3 दिसंबर को होने वाले आयोजन में मुख्य मुद्दे सैनिकों के आरक्षण में कटौती, ओआरओपी, बैंकिंग, आवासीय तथा स्पर्श पोर्टल से पेंशन वितरण संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु विचार-विमर्श किया जाएगा।

# किसान नेताओं पर विवादित टिप्पणी के लिए माफी मांगे दलाल : गोयल

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 दिसम्बर :** आम आदमी पार्टी के हिसार विधानसभा प्रभारी व व्यापारी नेता सुरेश गोयल क्रांतिकारी ने कृषि मंत्री जेपी दलाल द्वारा किसानों नेताओं पर की गई विवादति टिप्पणी की कड़ी निन्दा करते हुए अविलंब कृषि मंत्री से माफी मांगने की मांग की है। आप नेता सुरेश गोयल ने जेपी दलाल से सवाल पूछते हुए कहा कि वो बताएं कि किस हैसियत से इस पद पर अब तक बने हुए है। उन्होंने कहा कि किसान कल्याण की जिम्मेवारी इन्हें मिली थी, लेकिन इन्होंने किसानों कल्याण करने की बजाय सदा ही अपमान किया है। उन्होंने कहा किसान खाद व बीज के लिए दर-दार भटक रहें है। आम आदमी पार्टी इस मामले में कृषि मंत्री की कड़ी निन्दा करती है। उन्होंने किसानों की बहन-बेटियों को लेकर की गई टिप्पणी का भी विरोध जताया है। हिसार विधानसभा/ ब्लॉक के प्रभारी व्यापारी नेता सुरेश गोयल क्रांतिकारी का कहना है कि मंत्री ने अभद्र भाषा का प्रयोग कर बेटियों के प्रति गलत टिप्पणी की है। एक तरफ सरकार द्वारा बेटियों को बचाने का दावा किया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ सरकार के मंत्री अपनी अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। ऐसे में सरकार तुरंत प्रभाव से मंत्री जेपी दलाल को बर्खास्त कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मामले में जेपी दलाल सार्वजनिक रुप से माफी नहीं मांगते है तो वो किसानों को साथ मिलकर इस मामले में बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। गौरतलब है कि भिवानी में एक कार्यक्रम के दौरान जेपी दलाल ने किसानों को लेकर एक विवादित टिप्पणी की थी। जेपी दलाल ने कहा था जो भी 2020-21 में किसान आंदोलन में भाग ले रहे थे। उनकी बीवियां उनकी सुनती नहीं हैं और बहू-बेटियां घर से भागी हुई हैं। किसी पर कई कई मुकदमे चल रहे हैं।

# जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में मुठभेड़ में मारा गया लश्कर-ए-तैयबा का आतंकवादी

**पाठकपक्ष न्यूज**

**श्रीनगर, 1 दिसम्बर :** अधिकारियों ने शुक्रवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का एक नया भर्ती हुआ स्थानीय आतंकवादी मारा गया। विशिष्ट खुफिया इनपुट पर 30 नवंबर और 1 दिसंबर की मध्यरात्रि को भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा अरिहाल क्षेत्र के न्यू कॉलोनी में एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया था। भारतीय सेना ने कहा कि एक आतंकवादी को मार गिराया गया और इलाके से हथियार और युद्ध जैसे सामान भी बरामद किए गए। हालाँकि, मारे गए आतंकवादी की पहचान और समूह संबद्धता का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने कहा, 'पुलवामा मुठभेड़ में नवनियुक्त स्थानीय लश्कर आतंकवादी मारा गया। ऑपरेशन समाप्त हुआ।'

# डीएचबीवीएन ओएसडी ने एसई प्रशासन का संभाला पदभार

## डॉ. हनी बंसल एचसीएस हैं बिजली निगम के ओएसडी



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 दिसम्बर :** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के ओएसडी एचसीएस डॉ हनी बंसल ने आज बिजली निगम के एसई प्रशासन का पदभार ग्रहण कर लिया। एसई प्रशासन का पद काफी समय से खाली था और कल ही इस पद के लिए एचसीएस अधिकारी डॉ हनी बंसल के आदेश हुए थे। उन्होंने पदभार ग्रहण करने उपरांत कहा कि प्रबंध निदेशक अमित खत्री के निर्देशानुसार कुशल प्रशासन रखने का प्रयास होगा। पद की गरिमा के अनुसार बिजली निगम के बेहतर प्रशासन में उनका सहयोग रहेगा और व्यवस्था को और दुरुस्त करने के प्रयास किए जाएंगे। 13 अक्टूबर 1998 को हरियाणा के जींद जिले में जन्मे डॉ हनी बंसल ने अपनी प्रारंभिक व माध्यमिक शिक्षा नरवाना में प्राप्त की और एमबीबीएस की डिग्री एम्स जोधपुर से प्राप्त की है। विशिष्ट श्रेणी में उच्चतर शिक्षा प्राप्त करने के साथ 24 मार्च 2023 को हरियाणा में एचसीएस के रूप में इनकी नियुक्ति हुई। 2023 में नियुक्त युवा एचसीएस अधिकारी के रूप में पहली पोस्टिंग दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के ओएसडी के रूप में 14 नवंबर को हुई थी।

# पैलेडियम स्कूल की लक्षिता ने नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में जीते 5 स्वर्ण पदक



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 दिसम्बर :** पैलेडियम स्कूल की लक्षिता ने नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप 2023 में 5 स्वर्ण पद जीत कर स्कूल व अध्यापकों को गौरवान्वित किया है। लक्षिता ने 10 मी एयर पिस्टल यूथ वूमेन नेशनल चैंपियनशिप में एक स्वर्ण पदक, सिविलियन नेशनल चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक और जूनियर व सीनियर वर्ग में दो और स्वर्ण पदक जीत कर हरियाणा को चमकाया। इन प्रतियोगिताओं में विभिन्न राज्यों से लगभग 2500 प्रतिभागियों ने भाग लिया था, जिसमें लक्षिता का प्रदर्शन शानदार रहा। पैलेडियम स्कूल में बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए अनुभवी प्रशिक्षकों के द्वारा शूटिंग व अन्य खेलोंका प्रशिक्षण दिया जाताहै ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। प्रधानाचार्या श्रीमती निशी भटनागर ने इस सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि सभी बच्चों को इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए।

# अध्यापकों के लंबित मुद्दों को लेकर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी से मिला अध्यापक संघ प्रतिनिधिमंडल



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 दिसम्बर :** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से संबंधित हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने वीरवार को जिला प्रधान प्रमोद जांगड़ा के नेतृत्व में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी से मुलाकात। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के समक्ष अध्यापकों के लंबित मुद्दों को उठाते हुए उनका समाधान करने की मांग की। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य महासचिव प्रभु सिंह ने बताया कि एसीपी के लम्बित मामले लम्बे समय से जिला स्तर पर अटके हुए हैं, चिकित्सा प्रतिपूर्ति का बजट भी जारी नहीं किया जा रहा है, विद्यालयों में सफाई कर्मी के मानदेय के 8000 रुपए भी जारी नहीं किए जा रहे हैं, मिड डे मील की पिछले 4 महीने से कुकिंग कास्ट की राशि भी जारी नहीं की जा रही है, जिसके कारण अध्यापकों को मिड डे मील बनाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने आश्वासन दिया है कि अध्यापकों के लंबित मामले जल्दी ही निपटा दिए जाएंगे। मीटिंग में हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के जिला सचिव पवन कुमार व विनोद प्रभाकर भी शामिल रहे।

# पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने के लिए ई-केवाईसी करवाना जरूरी

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 दिसम्बर :** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा संचालित किसान सम्मान निधि योजना का लाभ प्राप्त करने वाले किसानों को ई-केवाईसीए, भूमि सत्यापन व बैंक खाता से आधार लिंक करवाना अनिवार्य है। यह जानकारी देते हुए उपनिदेशक डॉ राजबीर सिंह ने बताया कि जिन किसानों की 15वीं किस्त नहीं आई है, वे किसान अपनी ई-केवाईसी करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिले के सभी किसानों से आग्रह किया है कि वे जल्द से जल्द अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर, पोस्ट ऑफिस एवं पीएम किसान ऐप के माध्यम से ई-केवाईसी तथा संबंधित खण्ड कृषि कार्यालय से भूमि सत्यापन व अपने बैंक से आधार मैपिंग तथा डीबीटी करवाना सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिल सकें।

# आपत्ति एवं शिकायतों की प्राप्ति हेतु हिसार के कलेक्टर रेट-2023 का प्रारूप जारी

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 दिसम्बर :** हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मु य सचिव एवं वित्तायुक्त के दिशा-निर्देशों के अनुसार हिसार के विभिन्न क्षेत्रों के कलेक्टर रेट का प्रारूप जारी कर दिया है। उपायुक्त उत्तम सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर रेट-2024 का प्रारूप आपत्ति एवं शिकायतों की प्राप्ति हेतू https://hisar.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। यदि किसी व्यक्ति को कलेक्टर रेट के संबंध में कोई आपत्ति या शिकायत है, तो वह 7 दिसंबर 2023 तक अपना ऐतराज ऑनलाइन माध्यम से दर्ज करवा सकता है। इसके उपरांत अंतिम प्रकाशन हेतु आगामी आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# हिसार मंडल में 2962 ड्रग तस्करों की सूची तैयार अब एडीजीपी का होगा प्रहार

## एडीजीपी ने मंडल स्तरीय अपराध गोष्ठी कर पुलिस के कार्यो की समीक्षा की

- **पुलिस अधीक्षकों को स्पष्ट निर्देश हिसार मंडल को ड्रग तस्करों से मुक्त, अपराधों पर अंकुश लगाना प्राथमिकता**
- **हमारा उद्देश्य नशा रोकना, तस्करों को काबू कर उनको सजा दिलवाना व युवा पीढ़ी को नशे की गर्त से बचाना है : एडीजीपी**



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 दिसम्बर :** हिसार मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री श्रीकांत जाधव की अध्यक्षता में गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर सिंह ऑडिटोरियम में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में हिसार मंडल के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक सहित राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों, सभी स्टाफ प्रभारी, पीएसआई व ग्राम प्रहरियों ने भाग लिया। हिसार में 11.00 बजे से 3.00 बजे तक चली इस अपराध समीक्षा गोष्ठी मे जिलेवार ड्रग की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिये एएनसी सीआईए व स्पेशल स्टाफ द्वारा किये गये कार्यो की समीक्षा की गई व कार्यशैली को अधिक प्रभावी बनाने के साथ-साथ उन्हे मासिक टारगेट भी दिया गया।

एडीजीपी ने सख्त निर्देश दिए कि एनडीपीएस के एक मुकदमे मे कम से कम तीन/चार आरोपियों की गिरफ्तारी बनती है।अधिक गिरफ्तारी करके ही ड्रग तस्करी का नेटवर्क तोडा जा सकता है।उन्होंने सीआईए, एएनसी व इनके नोडल अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि मात्र मौके पर गिरफ्तार आरोपी से अनुसंधान पुर्ण कर लेना ही पर्याप्त नहीं है, अनुसंधान के आखिरी छोर तक जाना अति आवश्यक है, तब ही तस्करों का नेटवर्क तोड़ा जा सकता है। ड्रग तस्करी का नेटवर्क को तोडने के लिये एक सुनियोजित योजना के तहत कार्य कर 2 महीने में पूर्ण अंकुश लगाने को कहा। इन यूनिटों की एडीजीपी हिसार मंडल द्वारा अर्धमासिक बैठक कर उनके कार्यो की समीक्षा की जाएगी।

एडीजीपी द्वारा मंडल के सभी जिलों मे तैनात किए गये ग्राम प्रहरियों द्वारा किये गये कार्यों की समीक्षा की। जिला सिरसा में ग्राम प्रहरियों ने 785, जिला फतेहाबाद में 710, हिसार में 400, पुलिस जिला हांसी में 384, जिला जींद में 289, पुलिस जिला डबवाली मे 394 ड्रग तस्करों की पहचान कर सूची तैयार कर ली है। एडीजीपी ने इन पर प्रभावी कार्यवाही की जिम्मेवारी संबंधित एएनसी, सीआईए को विशेष रूप से सौंपी है।

एडीजीपी ने हिसार मंडल में ड्रग की बढती डिमांड पर अंकुश लगाने के लिए किए जा रहे विशेष प्रयासों की समीक्षा की व उन्होंने निर्देश दिए कि जो लोग नशे की लत में पड़े है उनके व उनके परिवार की अच्छे ढंग से काउंसलिंग व उपचार करवाया जावे। उन्होंने इस दिशा में कार्य कर रही टीम को निर्देश दिए कि ऐसे लोगों के लगातार संपर्क में रहें व लगातार मोटिवेशन व सहयोग भी करें। हिसार मंडल में 3695 ऐसे लोगों की पहचान की गई है जो ड्रग कि लत से पीडित है जिनमें से 1861 ड्रग पीडितों का उपचार भी करवाया जा रहा है।

समीक्षा के दौरान पाया कि एनडीपीएस एक्ट के मुकदमों में पिछले वर्ष की तुलना में जिला हिसार में 15 प्रतिशत, जिला सिरसा में 16 प्रतिशत, फतेहाबाद में 12 प्रतिशत की कमी रही वहीं पुलिस जिला हांसी में 31 प्रतिशत, जींद में 22 प्रतिशत व पुलिस जिला डबवाली में 6 प्रतिशत की बढ़ोतरी भी रही है। एनडीपीएस एक्ट की गिरफ्तारियों में भी जिला हिसार में 19 प्रतिशत, पुलिस जिला हांसी में 23 प्रतिशत, जिला सिरसा में 19 प्रतिशत, फतेहाबाद में 25 प्रतिशत की कमी रही वहीं जिला जींद में 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही है।

हिसार मंडल में नशा तस्करों की संपत्ति की पहचान करने के निर्देश दिए ताकि उनको विध्वंस करने की कार्यवाही अमल में लाई जा सके। उन्होंने जघन्य अपराधों, आर्थिक अपराधों, महिला विरूद्ध अपराधों, लड़ाई-झगड़ा, छीना झपटी व चोरी के मुकदमों की भी गहनता से समीक्षा की व राजपत्रित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मौका घटना स्थल पर जाकर गहन अनुसंधान किया जाए। उन्होंने अब तक राजपत्रित अधिकारियों द्वारा किए स्पॉट विजिट की भी समीक्षा की।

उन्होंने लोकल एंड स्पेशल लॉ के केसो की समीक्षा कर जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अनुंसधानाधीन मुकदमों का समय अवधि के दौरान ही अनुसंधान पूर्ण करने के निर्देश दिए व लंबित अनुसंधानाधीन मुकदमों का जल्दी से निपटारा करने को कहा।

इस अवसर पर श्रीमती आस्था मोदी, पुलिस अधीक्षक फतेहाबाद, श्री मोहित हांडा, पुलिस अधीक्षक हिसार, श्री मकसूद अहमद, पुलिस अधीक्षक हांसी, श्री विक्रांत भूषण, पुलिस अधीक्षक सिरसा, श्री सुमित कुमार, पुलिस अधीक्षक जींद, श्री सुमेर सिंह, पुलिस अधीक्षक डबवाली सहित हिसार मंडल के 19 उप पुलिस अधीक्षक, मंडल के सभी थाना प्रभारी, सीआईए प्रभारी, एएनसी प्रभारियों ने बैठक में भाग लिया।

# परिवहन विभाग द्वारा सर्दी के मौसम व धुंध की स्थिति को देखते हुए सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत दिशा-निर्देश जारी

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 दिसम्बर :** परिवहन विभाग द्वारा सर्दी के मौसम व धुंध की स्थिति को देखते हुए सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिले में वर्ष 2023 के दौरान अक्टुबर माह तक कुल 164 दुर्घटना हो चुकी है, जिसमें 186 लोगों की मृत्यु हो चुकी है। प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण के सचिव सुनील कुमार ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि धुंध के मौसम में अतिरिक्त सावधानी बरते व सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें। उन्होंने बताया कि जारी निर्देशानुसार सभी चालक अपने वाहन के पीछे रिफ्लेक्टिव टेप लगवाएं तथा वाहनों की लाईट को रख-रखाव ठीक रखें। उन्होंने बताया कि जिले में ज्यादातर चालक रात्री में ट्रैक्टर चलाते है और ट्रैक्टर के पीछे रिफ्लेक्टिव ट्रेंगल व रिफ्लेक्टिव टेप नही होती है, जिस कारण धुंध के मौसम में दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने ट्रैक्टर चालको व ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने ट्रैक्टर के पीछे रिफ्लेक्टिव ट्रेंगल व रिफ्लेक्टिव टेप लगवाएं। धुंध में कम दृष्टतया की स्थिति में अपना वाहन सफेद पट्टी के साथ चलाएं। सावधानीपूर्वक दोनो तरफ देख कर ही नेशनल हाइवे पर आएं। कई बग्गी चालक अपनी बग्गी गलत दिशा में चलाते है, उन्हें गलत दिशा में अपनी बग्गी ना चलाने की सलाह दी जाती है। उन्होंने कहा कि चार पहिया वाहन चालक तेज गति में हॉर्न ना बजाएं। आवश्यकतानुसार सड़कों पर सफेद पटटी, स्पीड ब्रेकर, हैजार्ड मेकर, रंबल स्ट्रिप व कोट आई, सांकेतिक बोर्ड तथा रिफ्लेक्टिव मीरर लगवाएं। इसके अतिरिक्त सभी सडकों पर अवैध कट बंद करवाएं। सभी आवारा पशुओं को रोड़ से हटवाएं तथा उन पर रिफ्लेक्टिव कैलेबल व सींगों पर रिफ्लेक्टिव पेपर लगवाएं। सभी सीवरेज के ढक्कनों को ठीक तथा सभी पुलियों पर पेन्ट करवाएं। वन विभाग से अपील है कि सभी 10 मार्गो पर एक्सट्रा वेजिटेसन करवाएं। स्कूल बस को सुरक्षित स्कुल वाहन पुलिस के नियमानुसार चलाएं। सभी ऑटोरिक्शा व ई-रिक्शा चालकों से अपील है कि वह अपने वाहनों के पीछे रिफलेक्टिव टेप लगवाएं। अंडर वर्क सड़कों पर सांकेतिक बोर्ड लगाकर रखें।

# हमारे रिश्तों के दुश्मन बनते मोबाइल फोन

## मोबाइल बन रहे रिश्तों में दरार की वजह? मोबाइल फोन के अनुचित उपयोग के कारण आपसी रिश्तों को हो रहा नुकसान



**सोचिए आज क्यों मोबाइल बन रहे रिश्तों में दरार की वजह? कोई माने या न माने, वास्तविकता में मोबाइल के हद से ज्यादा उपयोग से सामाजिक रिश्तों में हम सब की दिक्कतें बढ़ी हैं। आज के समय में एक ही घर में रह रहे लोग एक-दूसरे से बातचीत करने के लिए भी स्मार्टफोन का इस्तेमाल करने लग गए हैं। यही नहीं रोजाना एक साथ बैठकर होने वाली बातचीत और सोशल मीडिया ग्रुप्स पर होने लग गयी है। ऐसे में इन आदतों का सीधा असर आपके रिश्तों पर पड़ रहा है।स्मार्टफोन के इस्तेमाल से दूसरों की भावनाओं को समझना और भी मुश्किल हो जाता है। जब किसी का पूरा ध्यान स्मार्टफोन पर हो तो उसके चेहरे को पढ़ना मुश्किल है। इसका मतलब है कि इस प्रकार की स्थितियाँ आमने-सामने की बातचीत से कमज़ोर होती हैं। सार्थक बातचीत के बिना रिश्ते उतने विकसित नहीं होते। मोबाइल फोन के अनुचित उपयोग के कारण आपसी रिश्तों को नुकसान पहुंचाने वाली जो नई आदतें बन रही हैं। बतौर समाज हम इस उपकरण की उपयोगिता को समझें और समय और रिश्तों की कीमत पर उसके व्यर्थ इस्तेमाल से बचें ताकि हम अनजाने में हमारे हाथ से फिसलती खुशियों को थाम सकें।**



-प्रियंका 'सौरभ'

**-पाठकपक्ष डेस्क-**

फोन लोगों को आपस में जोड़े रखते हैं और संबंध बनाए रखने में मदद करते हैं। लेकिन कुछ मामलों में वे अवरोध भी बन जाते हैं। किसी के सामने उसके फोन की तारीफ करना और किसी को नीचा दिखाना आजकल की एक बड़ी समस्या बन गया है। सोचिए आज क्यों मोबाइल बन रहे रिश्तों में दरार की वजह? कोई माने या न माने, वास्तविकता में मोबाइल के हद से ज्यादा उपयोग से सामाजिक रिश्तों में हम सब की दिक्कतें बढ़ी हैं। पहले के दौर में जब मोबाइल नहीं था, तो लोगों का आपस में काफी मिलना-जुलना होता था। संवाद का सिलसिला चलता रहता था। लोग एक-दूसरे के दर्द और भावना को समझते थे। साथ ही समस्याओं के निपटारे के लिए प्रयास करते थे। अब मोबाइल के आगमन के बाद बातें तो काफी हो रही हैं, लेकिन दिलों के बीच की दूरियां काफी बढ़ गई हैं। लोगों के बीच उचित संवाद नहीं हो पा रहा है। व्यक्तिगत समस्याओं का जाल बढ़ रहा है और रिश्तों की बुनियाद कमजोर पड़ती जा रही है। आज के समय में एक ही घर में रह रहे लोग एक-दूसरे से बातचीत करने के लिए भी स्मार्टफोन का इस्तेमाल करने लग गए हैं।

यही नहीं रोजाना एक साथ बैठकर होने वाली बातचीत और सोशल मीडिया ग्रुप्स पर होने लग गयी है। ऐसे में इन आदतों का सीधा असर आपके रिश्तों पर पड़ रहा है। मोबाइल फोन के अनुचित उपयोग के कारण आपसी रिश्तों को नुकसान पहुंचाने वाली जो नई आदतें बन रही हैं, उनमें फबिंग भी शामिल है। स्मार्ट फोन पर चिपके रहने के कारण जब आप अपने करीबी रिश्ते को इग्नोर करते हैं, तो उसे फबिंग कहा जाता है। फबिंग एक ऐसा शब्द है जो स्मार्टफोन की लत से जुड़ा है। यह शब्द फोन और स्नबिंग से मिलकर बना है। स्नबिंग का मतलब होता है अनादर करना या फिर अनदेखी करना। स्मार्टफोन के इस्तेमाल से दूसरों की भावनाओं को समझना और भी मुश्किल हो जाता है । जब किसी का पूरा ध्यान स्मार्टफोन पर हो तो उसके चेहरे को पढ़ना मुश्किल है। इसका मतलब है कि इस प्रकार की स्थितियाँ आमने-सामने की बातचीत से कमज़ोर होती हैं। सार्थक बातचीत के बिना रिश्ते उतने विकसित नहीं होते। आज के दौर में मोबाइल से बढ़ता लगाव पारिवारिक रिश्तों में दरार पैदा कर रहा है।

पति-पत्नी के रिश्तों में मोबाइल प्यार नही बल्कि कलह पैदा करने लगा है। महिला आयोग के अनुसार पारिवारिक कलह के करीब 75 परसेंट केसेज का कारण मोबाइल रहा है। मोबाइल के कारण पति-पत्नी के बीच गलतफहमी, मनमुटाव, लड़ाई-झगड़ा हुआ और मामला तलाक तक जा पहुंचता है। टेक्नोलॉजी हमारे जीवन का अहम हिस्सा है। लेकिन इसका लगातार इस्तेमाल ना सिर्फ आपकी मेंटल हेल्थ को बिगाड़ रहा है, बल्कि आपके पार्टनर और रिश्तेदारों को भी आप से दूर कर रहा है। आज के युग डिजिटल युग में टेक्नोलॉजी हमारी रोजमर्रा की लाइफ का एक अहम हिस्सा बन चुका है। यहां तक कि हम हमारे स्मार्टफोन से लेकर सोशल मीडिया और वीडियो कॉल तक अपने करीबियों से जुड़े रहने पर काफी भरोसा करने लगे हैं। एडवांस टेक्नोलॉजी ने हमारे करीबियों के साथ जुड़ना पहले से कहीं ज्यादा आसान बना दिया है। मोबाइल फोन के आने से जहां जिंदगी आसान हुई है वहीं कुछ मामलों में इसने नुकसान पहुंचाने का भी काम किया है।

दरअसल पहले जहां यह एक जरूरत थी वहीं अब ये जरूरत के साथ लत बन चुकी है। ऐसी लत जिसके बिना लोगों का एक पल गुजारना भी मुश्किल हो गया है। ये लत अब रिलेशनशिप में भी दरार की वजह बन रही है। अक्सर देखा जाता है कि ज्यादातर लोग अपनी डिवाइस में इस कदर उलझे रहते हैं कि वो दूसरों के साथ बेहतरीन पलों को एंजॉय तक नहीं कर पाते। ऐसे में स्थिति कभी न कभी इतनी बिगड़ जाती है कि रिश्ते में एक दूसरे के बीच गलतफहमियां पनपने लगती हैं। वहीं लगातार टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल आपकी मेंटल हेल्थ को भी नुकसान पहुंचा सकता है। आज के समय में जब सोशल मीडिया और फोन ही सब कुछ है लोग एक मिनट भी उससे दूर नहीं रह सकते हैं। लोग किसी से मिलते समय भी फोन पर देखते रहते हैं या सोशल मीडिया पर स्क्रोल करते रहते हैं। उन्हें सामने वाले से ज्यादा जरूरी फोन पर बात करना लगता है। इस व्यवहार को अपमानजनक के रूप में देखा जा सकता है। इससे आप अपने पार्टनर से दूर हो सकते हैं और रिश्ता टूटने की कगार पर आ सकता है।

इस बात को सुनश्चित करने के लिए कि आपका रिश्ता पहले की तरह बरकरार रहे, आपको अपने इलेक्ट्रानिक डिवाइसेस से जब भी जरूरत हो तब छोटे-छोटे ब्रेक यानी डिजिटल डिटॉक्स जरूर करने चाहिए। एक्सपर्ट्स के मुताबिक एक डिजिटल डिटॉक्स से आपके रिश्ते और सेहत दोनों सुधर सकते हैं। इस समस्या से बचने के लिए आपको जरूरी बातचीत, घर या परिवार के सदस्यों के साथ बैठने या व्यक्तिगत बातचीत के दौरान फोन का इस्तेमाल कम से कम करना चाहिए। अपने लोगों के साथ क्वालिटी टाइम बिताने में भी फोन बाधा नही बनना चाहिए। स्मार्टफोन के इस्तेमाल का समय निर्धारित करें और अपने वर्तमान पर ज्यादा ध्यान देने की कोशिश करें। आपके आसपास क्या घट रहा है इसकी जानकारी फोन के माध्यम से होने के बजाय आपको सीधे होनी चाहिए। स्मार्टफोन के इस्तेमाल का समय कम करने और लोगों से सीधे कनेक्ट होने की कोशिश ज्यादा करें। ऐसा करने से आप दोनों चीजों को मैनेज कर पाएंगे। स्मार्टफोन या सोशल मीडिया पर बने दोस्तों और आपके आसपास के दोस्तों के लिए समय निकालने में संतुलन रखें।

लोगों को यह विश्वास दिलाने की कोशिश जरूर करें की आप उन पर कितना भरोसा करते हैं।स्मार्टफोन और सोशल मीडिया के इस्तेमाल के साथ आपको यह समझने की जरूरत है की आपके रिश्ते इससे कहीं ज्यादा जरूरी और ज्यादा मायने रखते हैं। रिश्तों में तनाव या दूरी बनने से आपकी जिंदगी पर गहरा असर पड़ सकता है। आजकल मोबाइल फोन सड़क पर मौत की पहली वजह भी बनते जा रहे हैं। साथ ही रिश्तों को बिगाड़ने की एक प्रमुख वजह भी। एक-दूसरे के साथ अच्छा समय बिताने की जगह लोग अपने वर्चुअल फ्रेंडस को मैसेज देने में व्यस्त रहते हैं। बतौर समाज हम इस उपकरण की उपयोगिता को समझें और समय और रिश्तों की कीमत पर उसके व्यर्थ इस्तेमाल से बचें ताकि हम अनजाने में हमारे हाथ से फिसलती खुशियों को थाम सकें।

## कांस्य पदक विजेता कश्मीरी लाल ग्रोवर को सम्मानित करेगी शहीद भगत सिंह संगठन समिति

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 1 दिसम्बर :** शहीद भगत सिंह संगठन समिति के प्रधान सरदार कृष्ण इलावादी व किशोरी लाल नागपाल ने प्रैस को जारी संयुक्त ब्यान में कहा कि समिति समय-समय पर जहां शहीदों को याद करती रहती है, वहीं हांसी के किसी भी गांव से जीत कर आए चाहे वो लड़के हो, लड़कियां हो या चाहे सीनियर सिटीजन हो सभी को समिति द्वारा सम्मानित किया जाता है। प्रधान सरदार इलावादी ने कहा कि समिति के संरक्षक कश्मीरी लाल ग्रोवर को जो आयु वर्ग 75 से 80 वर्ष की आयु में 32वीं हरियाणा मास्टर एथलेटिक्स चैम्पियनशीप पंचकुला से पांच किलोमीटर रेस वाक में कांस्य पदक मिला है उनको योगाचार्य कपिल शर्मा द्वारा दिनांक 3-12-2023 को प्रातः 11 बजे बजरंग आश्रम हांसी में सम्मानित किया जायेगा।



## हरियाणा में भ्रष्टाचार का बोलबाला, पांचों राज्यों में बनेगी कांग्रेस की सरकार : दीपेंद्र हुड्डा

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 1 दिसम्बर :** हरियाणा में जननायक जनता पार्टी और भारतीय जनता पार्टी का गठबंधन भ्रष्टाचार का गठबंधन है हरियाणा में चारों तरफ घोटाले हों रहें हैं। यह बात राज्य सभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने गांव ढाणा में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहीं। सांसद ने कहा कि पांच राज्यों में कांग्रेस सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों से आम आदमी तंग हैं। उन्होंने कहा कि जल्द लोकसभा चुनाव होने है। उन्होंने बताया कि अगले साल भारतीय जनता पार्टी, योजना जनता पार्टी की सरकार सत्ता से बाहर होगी। भारतीय जनता पार्टी की सरकार में हरियाणा बेरोजगारी और आपराधिक मामलों में लगातार नंबर वन बनता जा रहा है, इस बात का गवाह पूरा हरियाणा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कोई भी वर्ग सरकार के किसी भी काम से खुश नहीं है। हरियाणा में जो विकास कार्य होने चाहिए थे वह इस सरकार में नहीं हो पाए, केवल भ्रष्टाचार में ही सरकार नंबर वन होती हुई नजर आ रही है। भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन में सरकार चलाने वाले जननायक जनता पार्टी के नेता चुनाव होने से पहले यह कहते थे कि हमें भारतीय जनता पार्टी को जमुना पार करना है, लेकिन अब सरकार के साथ गठबंधन में भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। यह गठबंधन विकास कार्यों का गठबंधन नहीं बल्कि भ्रष्टाचार का गठबंधन है।



पत्रकारों से बातचीत करते हुए सांसद दीपेंद्र हुड्डा।

इन्ही सरकार के मंत्री इस बात को लेकर आपस में लड़ते हैं कि किस विभाग में कितना भ्रष्टाचार करना है। सांसद ने कहा कि हरियाणा की जनता इस गठबंधन सरकार से पूरी तरह से तंग है आम आदमी अपने हको को लेकर प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने बताया कि वर्ष-2024 में प्रदेश में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार बनते ही युवाओं को नौकरी और कर्मचारियों को पुरानी पेंशन स्कीम का लाभ मिलेगा। बुजुर्गों को 6 हजार रुपये महीना बुढ़ापा पेंशन, प्रति परिवार 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी जाएगी। गरीब परिवारों को 100-100 गज के प्लॉट वितरित करने की स्कीम फिर से शुरू होगी। इस दौरान कांग्रेस नेता प्रेम सिंह मलिक ,जय सिंह पाली, तेलु राम जांगड़ा, जिला पार्षद यादवेंद्र यादव, सत्यवान उमरा, मंजू पांचाल, मनदीप भाटोल सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## रोटरी क्लब ने स्कूली बच्चों के लिए निःशुल्क मैडिकल व बॉडी जाँच कैम्प का आयोजन किया

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 दिसम्बर :** रोटरी क्लब हिसार के तत्वावधान में स्थानीय पड़ाव चौक पर स्थित जीएनजेएन गोइन्का गर्ल्स स्कूल में स्कूली बच्चों के लिए निःशुल्क मैडिकल व बॉडी जाँच कैम्प का आयोजन किया गया। निःशुल्क मैडिकल व बॉडी जाँच कैम्प से पूर्व उपस्थित रोटेरियन व स्कूल स्टाफ ने दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ रोटेरियन डॉ के के वर्मा व प्रोजेक्ट चेयरमैन राम अवतार सिंगल ने कहा कि जिस प्रकार हम नहा कर अपने तन को साफ रखते हैं,इसी प्रकार संतुलित आहार, लेकर व अपनी बॉडी की जांच करवा कर अपने आप को स्वास्थ्य रख सकते हैं। निःशुल्क मैडिकल व बॉडी जाँच कैम्प में नगर के वरिष्ठ चिकित्सकों डॉ प्यारे लाल,डॉ साहिल बजाज व उनकी टीम द्वारा बच्चों की आखों, दाँतो, के अलावा ब्लड शुगर,उच्च रक्तचाप, केलोस्ट्रोल, एचबी,की जांच की गई। इस कैम्प में लगभग 400 बच्चों की जांच की गई। उल्लेखनीय रहे रोटरी क्लब पिछले 53 वर्षो से जनहित में सामाजिक कार्य जैसे ब्लड कैम्प, आखों के ऑपरेशन, पोलियो अभियान में योगदान, समय समय पर जरूरत मन्दों को भोजन करवाना, सर्दियों में कम्बल बंटवाना, के अलावा अनेकों समाजिक कार्यों में हमेशा अग्रणी रही है। इस मौके पर रोटरी हिसार से अनय मित्तल, मनोज महेश्वरी, पंकज बुडाकिया, के अलावा नरायण दस बंसल, प्रधान पीजीएसडी ट्रस्ट, सुरेंद्र सिंगला, अंगुरी देवी, एसके गोयल, ओम प्रकाश प्रबंधक, डॉ संगीता, दीपक, सुनील के अलावा स्कूल स्टाफ मौजूद रहा। स्कूल कमेटी द्वारा कार्यक्रम में पहुंचे रोटेरियन व डॉक्टरों को स्मृति चिन्ह भेंट किया।




## विश्वास हॉस्पिटल द्वारा सिंगरान में आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 120 लोग हुए लाभान्वित

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 दिसम्बर :** विभिन्न क्षेत्रों में निशुल्क नेत्र जांच एवं स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर विश्वास मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैला रहा है। इसी मुहिम के तहत गांव सिंगरान में बहुउद्देशीय निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों ने नेत्र जांच व अन्य सामान्य बीमारियों की जांच करके निशुल्क परामर्श दिया और यथासंभव दवाइयां भी फ्री उपलब्ध करवाई गई। इन निशुल्क सेवाओं से यहां पर 120 लोग लाभान्वित हुए। इस दौरान चिकित्सकों ने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना की विस्तृत जानकारी भी उपलब्ध करवाई। इस अवसर पर निशुल्क शिविर आयोजित करने में योगदान देने वाले साथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया।




विश्वास अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारी प्रणय अग्रवाल ने बताया कि गांव सिंगरान के आंगनवाड़ी केंद्र में आयोजित किए गए निशुल्क शिविर के प्रति ग्रामीणों में काफी उत्साह दिखाई दिया। नेत्र जांच के दौरान ग्रामीणों को आंखों की देखभाल की समुचित जानकारी भी दी गई। उन्होंने बताया कि यहां पर अन्य रोगों से संबंधित परामर्श भी निशुल्क दिया गया। उन्होंने बताया कि प्रसिद्ध चिकित्सक स्वर्गीय डॉ. सज्जन सिंह के आदर्शों पर चलते हुए विश्वास अस्पताल में सामान्य रोग, कान, नाक व गला रोग, हड्डी रोग, नेत्र रोग, दंत रोग, स्किन रोग व मनोरोग सहित विभिन्न रोगों के इलाज की समुचित व्यवस्था है। प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के तहत विश्वास अस्पताल में निशुल्क ऑपरेशन व इलाज की समुचित व्यवस्था है। इसलिए कोई भी आयुष्मान कार्ड धारक विश्वास अस्पताल में इस योजना का लाभ ले सकता है।

## हरियाणा सरकार ने धर्मार्थ शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के स्कूलों को 100 प्रतिशत संपत्ति कर में राहत दी

**पाठकपक्ष न्यूज**

**पंचकूला, 1 दिसम्बर :** हरियाणा सरकार ने धर्मार्थ शैक्षणिक संस्थानों, धर्मार्थ अस्पतालों और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के स्कूलों को संपत्ति कर में 100 प्रतिशत की छूट प्रदान की है। नगर निकाय के सचिव विकास गुप्ता द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि यदि किसी भवन के किसी हिस्से का उपयोग व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है, तो उस पर व्यावसायिक दरों पर संपत्ति कर लगाया जाएगा। अधिसूचना में यह भी कहा गया है कि इन संस्थानों द्वारा लिया जाने वाला शुल्क सरकारी शैक्षणिक संस्थानों और अस्पतालों द्वारा लिए जाने वाले शुल्क के बराबर होना चाहिए।

## दिसम्बर मास में जन्में दयानंद महाविद्यालय के शिक्षक और गैर शिक्षक बंधुओं के मंगलमयी जीवन के लिए हवन यज्ञ का आयोजन





**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 दिसम्बर :** दयानन्द महाविद्यालय, हिसार में आज दिसम्बर मास में जन्में महाविद्यालय के शिक्षक और गैर शिक्षक बंधुओं के मंगलमयी जीवन तथा सुख-समृद्धि के लिए हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिसम्बर मास में जन्में महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. विवेक श्रीवास्तव, प्रो. नरेन्द्र कुमार, डॉ. नीरू बाला तथा गैर शिक्षक कर्मचारी श्री सुरेन्द्र सिंह, श्री सुभाष कुमार, श्री राजकुमार, श्री अनिल शर्मा, श्री जगदीश, श्री सुनील वैद को यजमान की भूमिका के लिए आमंत्रित किया गया। यज्ञ कुण्ड की पवित्र अग्नि, मंत्रोच्चारण और वैदिक रीति-रिवाजों का अनुसरण करते हुए समीति की संयोजिका डॉ. मोनिका कक्कड़ ने हवन आरम्भ किया। उपस्थित सदस्यगण डॉ. अरूणा कद, डॉ. रेनू राठी, डॉ. सुरूचि शर्मा, डॉ. शर्मिला गुनपाल, प्रो. शालू रानी, प्रो. सीमा चौधरी, डॉ. चाँदनी, प्रो. रूचिका चहल, नरेश, विवेक, मोहन प्रसाद, विजय ने यज्ञ आहुतियाँ देकर इस पुण्य कार्य में अपनी भागीदारी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने अपने कर्मचारियों को जन्ममाह की बधाई दी और उनके उज्जवल व सुखद भविष्य की कामना की। हवनोपरांत प्राचार्य तथा आर्य समाज समिति द्वारा सम्मान स्वरूप हवन यज्ञ में आमंत्रित सदस्यों को पौधे भेंट किए।

## सामाजि संस्था लोकहित मंच ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन, 73 यूनिट रक्त संग्रहण किया

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 1 दिसम्बर :** सामाजिक संस्था लोकहित मंच द्वारा एक दैनिक न्यूज पेपर समूह के संस्थापक स्व. रमेश अग्रवाल की 79वीं जयंती के उपलक्ष्य मे स्थानीय काली देवी रोड स्थित स्वर्णकार धर्मशाला मे एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक बलराम शर्मा, डॉ. ईश्वर बडाला एवं विपिन बाबा ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में हिसार सामान्य हस्पताल की टीम द्वारा 73 यूनिट रक्त संग्रहण किया गया। कार्यक्रम में हांसी के विधायक विनोद भयाणा ने मुख्य अतिथि के रूप मे जबकि वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेम वर्मा ने अति विशिष्ट अतिथि के रूप मे शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया ने की। इस अवसर पर विधायक विनोद भयाणा ने कहा कि दैनिक भास्कर समूह के संस्थापक स्व. रमेश अग्रवाल की जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन कर लोकहित मंच ने बहुत ही पुण्य का कार्य किया है इसके लिए पूरी लोकहित मंच की टीम बधाई की पात्र है चूंकि रक्त का कोई विकल्प नही है।



इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेम वर्मा ने कहा हमें समय समय पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए ताकि हम किसी का अमूल्य जीवन बचाने मे अपना योगदान दे सकें। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया ने रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके बगैर किसी रक्तदान शिविर की कल्पना भी नही की जा सकती। कार्यक्रम में महिलाओं की भी काफी संख्या मे भागीदारी रही। कार्यक्रम में समाजसेवी मदन लाल एवं अनकी टीम द्वारा जीते जीते रक्तदान मृत्यु उपरांत नेत्रदान हेतु प्रेरित किया और काफी संख्या मे लोगों ने मृत्यु उपरांत नेत्रदान का संकल्प लिया। इस अवसर पर लोकहित मंच के अध्यक्ष एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया, महासचिव मनमोहन तायल, कोषाध्यक्ष सुशील गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक बलराम शर्मा, डां. ईश्वर बडाला एवं विपिन बाबा, नरेन्द्र भयाणा भाईजी होटल वाले, सुनील दुहन, राजकुमार वर्मा, पुनीत शर्मा, तनुज खुराना, हैप्पी शर्मा, बौना सिंह यादव, प्रवीण सिंगला, इंद्रजीत खुराना सहित हरियाणा स्टाफ सलेक्शन कमीशन के सदस्य सचिन जैन एडवोकेट, भारत विकास परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष कमलेश गर्ग, प्रवीण बंसल,कृष्ण यादव, बलजीत सिंह, प्रविंद लोहान, दिनेश कुमार, डॉ. अमित कुमार, दिलबाग वर्मा, ओमकुमार गर्ग, सुभाष भट्ठे वाला, हैप्पी मितल, कश्मीरी लाल मनचंदा, श्रीचंद आहुजा, कश्मीरी लाल ग्रोवर, राजमल वर्मा, सुरेन्द्र गोयल, रजत अग्रवाल, भरत लाल वर्मा, तिलक आहुजा, पुष्कर भयाणा, राजकुमार पाहवा, सीटू नागपाल, अरूण आर्य, डॉ. आंनद वर्मा, अमित आर्य, मोहित बंसल, अमन तायल सहित काफी संख्या मे गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अभी भी वैध हैं 2000 रुपये के नोट, 97 फीसदी से ज्यादा बैंकों के पास हो चुके जमा

**पाठकपक्ष न्यूज, नई दिल्ली, 1 दिसम्बर :** भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि 2,000 रुपये के 97.26 फीसदी नोट बैंकिंग सिस्टम में वापस आ गए हैं। इसमें आगे कहा गया कि 2,000 रुपये के नोट, जो इस साल 19 मई तक प्रचलन में थे, वैध मुद्रा बने रहेंगे। केंद्रीय बैंक ने यह भी कहा कि 2,000 रुपये के लगभग 2.7 प्रतिशत नोट बैंक शाखाओं में जमा करने या बदलने की समय सीमा समाप्त होने के लगभग दो महीने बाद भी प्रचलन में हैं। जनता के लिए बैंकों में उच्च मूल्य वाले 2000 रुपये के नोट बदलने या जमा करने की आखिरी तारीख 7 अक्टूबर थी

## सतगुरु दयासागर प्रकट दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय 29वां अखण्ड पाठ 2 दिसंबर से

**श्री गरीब दास सर्वोच्च पीठाधीश महंत श्री दयासागर करेंगे संगतों के बीच प्रवचन**



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 दिसम्बर :** स्थानीय महावीर कालोनी स्थित कबीर सत्संग भवन में सतगुरु दयासागर प्रकट दिवस के उपलक्ष्य में जगतगुरु आचार्य श्री गरीबदास महाराज की वाणी का 29वां अखंठ पाठ 2 से 4 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए सत्संग भवन के संस्थापक एवं संचालक संत शिव दास ने बताया कि 29वां अखंड पाठ 2 दिसंबर को सुबह 10:15 बजे पाठ प्रकाश होगा। 3 दिसंबर को सुबह 10:15 बजे मध्य का भोग, संध्या आरती व रात्रि का सत्संग होगा। 4 दिसंबर को सुबह 11 बजे अखंड पाठ की पूर्ण आहुति श्री गरीब दास सर्वोच्च पीठाधीश महंत श्री दयासागर द्वारा की जाएगी तथा वे तीन दिवसीय अखंड पाठ के दौरान को संगतों के बीच प्रवचन भी करेंगे। पूर्ण भोग की आहुति के उपरांत भंडारे का आयोजन किया जाएगा। संत शिव दास ने सभी श्रद्धालुओं व सत्संगीजनों से अनुरोध किया कि वे इस सत्संग में आकर सतगुरु की वाणी के पाठ का लाभ उठाएं तथा नशे इत्यादि सभी विकारों से दूर होकर अपने जीवन को सफल बनाएं। संत शिवदास ने सभी को सभी विकारों व बुराइयों से दूर रहकर भक्ति की राह अपनाते हुए समाज सेवा की प्रेरणा दी।

## डॉ. सरोज बाला श्योराण को उनकी सफल पीएचडी की दी बधाई



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 दिसम्बर :** मूलरूप से जिला हिसार के गांव खेड़ी लोहचब और वर्तमान में आजादनगर निवासी डॉ सरोज बाला श्योराण ने हिंदी विभाग में 'समकालीन हिन्दी साहित्य क्षेत्र में गैर- दलितों और दलित-विषयक का समाज पर प्रभाव' पर अपनी पीएचडी डॉ सुमित्रा चौधरी के मार्गदर्शन में पूरी की। इस अवसर पर एक्सटर्नल एक्सपर्ट डॉ. के. के. पाठक, डॉ नरेंद्र, डॉ प्रदीप सहित अन्य विषय प्रोफेसर उपस्थित थे। उन्होंने इसका श्रेय अपनी सास कमला देवी व पति कर्मपाल श्योराण को दिया जिनकी प्रेरणा से ही पीएचडी समेत इससे पहले भी यूजीसी नेट, एमफिल और तीन विषय (हिन्दी, शिक्षा, सोशियोलॉजी) में मास्टर डिग्री व पांच बार HTET और तीन बार CTET उतीर्ण किया। और वर्तमान में वह जिला जींद के गवर्मेंट स्कूल में अध्यापिका के पद पर अपनी सेवाएं दे रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। हमे लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करके निरंतर कठोर परिश्रम करना चाहिए, ऐसा करने से हमारा प्रयास अंततः निश्चित तौर पर फलीभूत होगा। कठोर परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। उनकी इस उपलब्धि के लिए पिता रामकुमार, माता चंद्रबाला, सास कमला देवी और पति मास्टर कर्मपाल श्योराण समेत अनेक शिक्षकों व पडोसियों ने बधाई दी।

### PAPER LOST

I, Smt. Bindu Agarwala (Contact number 8638117085) lost Original Sale deed number 3224 dated 27/07/2009 relating to my residential property comprised of land measuring 350 Sq. Yards with G+2 building thereon situated at House no. 1913, Sector 14, Tehsil & District: Hissar- 125001, Haryana and a FIR has been lodged in this regard with Hissar Police Station.

That I intent to create mortgage on the said property for a loan from State Bank of India, Fancy Bazar Traders Branch-Guwahati - Assam (Branch Code: 13246).

That in case any party has any claim towards the said relevant property, the same should be lodged with me and also with the above stated branch of State Bank of India, within 15 days from publication of this notice.

### Name Change

I, Udayvir Singh S/o Sh. Rai Singh Azad R/o H. No. 23-C/25, Vikas Nagar, Hisar, Distt. Hisar (Haryana) hereby declare that I have changed my Name from Udayvir Singh to Udayvir Singh Azad for all future purposes.

- Deponent

WORK FROM PHONE

Learn and Earn OR Earn While You Learn Digital Marketing Business Opportunity Any Time Any Where. Most suitable for Students, Employees, Professionals, Retirees etc. If interested, WhatsApp Name, Place :
7027924000

नंद किशौर चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.)
हिसार, हांसी से वृंदावन-मथुरा
धार्मिक बस यात्रा
कोकीलावन, बरसाना, गौकुल, गौवर्धन, रमन रेती, निधिवन, प्रेममंदिर, आगरा
यात्रा आरम्भ 14 दिसंबर 2023
यात्रा वापसी 18 दिसंबर 2023
यात्रा शुल्क 1800 रु आना जाना दो रात रूकना
चलने का स्थान अग्रसैन भवन
सांय 10:00 बजे
नोट : 5 साल से ज्यादा उम्र के बच्चे का पूरा किराया लगेगा।
ऑटो-रिक्शा व अन्य टिकट यात्री को स्वयं देना होगा
अभी कॉल करें : 9467158925, 9017983609

डॉ. बलबीर सैनी
B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)
चर्म, एलर्जी, सैक्स व गुप्त रोग विशेषज्ञ
बलबीर हस्पताल
पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक, बड़वाली ढाणी, निकट हनुमान मंदिर, हिसार
92156-88573




अब बर्तन चाँदी से चमके

DHANWANTARI
Ayurvedic Centre
स्वस्थ भारत अभियान
- शुगर • पाचन रोग • थाईराईड
- मोटापा • पुरूषत्व रोग • घुटनों का दर्द
- बी.पी. • सांस की एलर्जी • नसों की ब्लोकेज
- कॉलस्ट्रोल • नशे की आदत • बवासीर
- जोड़ों का दर्द • लीवर व किडनी रोग • न्यूरो रोग
- स्त्री रोग • हृदय रोग
- चमड़ी रोग • एड्स
Lion Surinder Chhinda
DIAMOND
& Health Consultant
शराब छुड़वाने के लिए फ्री परामर्श
शराब, बीड़ी सिगरेट, तम्बाकु व हर प्रकार का भयानक नशा छुडाया जाता है
डेंगु बुखार में प्लेटलेट बढ़ाने की ब्रहामस्त्र दवाई दी जाती है 100 प्रतिशत ईलाज
बिना दवाई के कैसे निरोग रहा जाए इसके लिए हैल्थ टिप्स दिए जाते हैं।
गुर्दे की पत्थरी का शर्तिया ईलाज बिल्कुल फ्री ईलाज कोई फीस नहीं ली जाती।
इन सभी बिमारियों के सम्पूर्ण ईलाज के लिए उच्च क्वालिटी की आयुर्वेदिक दवाईयां उपलब्ध है।
अगर सदा स्वच्छ रहना है तो पानी स्वच्छ व अच्छा होना चाहिए
आयूरजल आपको देगा पहाडो व झरनो जैसी अलग लाईन पानी के लिए सम्पर्क करें
हमारे यहां पर देसी गाय का 100% शुद्ध घी उचित रेटो पर उपलब्ध है।
M/s NAIRA HEALTH CARE
29, Kali Mata Mandir Road, Bank Colony, Hisar 125001 (Haryana)
M. 92155-82868



# भजनलाल की परिपाटी पर चल कुलदीप पहुंचे आदमपुर में गांव-गांव शादी का न्यौता देने



पाठकपक्ष न्यूज

**आदमपुर, 1 दिसम्बर :** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कुलदीप बिश्नोई पूर्व मुख्यमंत्री स्व. चौ. भजनलाल की परिपाटी पर चलते हुए अपने पुत्रों भव्य बिश्नोई एवं चैतन्य बिश्नोई की शादी समारोह के लिए निमंत्रण देने आदमपुर हलके के गांव-गांव चौपाल पर पहुंच रहे हैं। आज आदमपुर पूर्वी पाना, पश्चिमी पाना, कोहली, कालीरावण, खैरमपुर, सारंगपुर, ढाणी खासा, खासा महाजन, फ्रांसी, असरावां, जगान, चिकनवास, झिड़ी, ठसका, ढंढूर, पक्की डिग्गी, बीड बबरान, पीरांवाली तथा तेजा मार्केट में उन्होंने चौपालों पर जाकर हलकावासियों को 26 दिसंबर को आदमपुर में शादी समारोह में पहुंचने का निमंत्रण दिया। कुलदीप ने बताया कि उनके परिवार में जब भी शादी समारोह का कार्यक्रम होता था उनके पिता चौ. भजनलाल जी आदमपुर के हर गांव में जाकर अपने लोगों को निमंत्रण देते थे। उनकी दिखाई राह पर चलते हुए वे भी अपने आदमपुर परिवार के बीच गांवों में जाकर लोगों से शादी समारोह की तैयारियों को लेकर उनके सलाह-मशविरा कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने हलके में जारी विकास कार्यों का जायजा भी लिया तथा जनसमस्याएं सुनकर मौके पर ही अधिकारियों को उन्हें दूर करने के निर्देश दिए। कुलदीप बिश्नोई ने बताया कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के निर्देश पर पूरे भारत वर्ष में विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा की शुरूआत की गई है। इस यात्रा का शुभारंभ माननीय प्रधानमंत्री जी ने 15 नवंबर को झारखंड से किया था। हरियाणा में भी इस यात्रा के प्रदेशभर में 57 रथ चल रहे हैं। आदमुपर हलके में भी आज से इस रथ यात्रा की शुरूआत गांव असरावा से की गई है। यात्रा का मुख्य उद्देश्य केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों को के बारे में आम जनमानस को अवगत करवाकर ज्यादा से ज्यादा उसका लाभ लोगों तक पहुंचाना है। इस यात्रा में प्रशासनिक अधिकारी लोगों की समस्याएं सुनकर मौके पर ही उनका निदान भी कर रहे हैं। सरकार की यह पहल बहुत ही अच्छी है। इस दौरान रणधीर पनिहार, जयवीर गिल, विनोद ऐलावादी, राजाराम खिचड़, मुनीश ऐलावादी, नरेश जांगड़ा सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बच्चे देश का भविष्य हैं : संजना सातरोड़

## सी. आर. पब्लिक स्कूल में भव्य विज्ञान, गणित और कला प्रदर्शनी का आयोजन



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 1 दिसम्बर :** सी.आर. पब्लिक स्कूल में भव्य विज्ञान, गणित और कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा चौथी से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एडवोकेट संजना सातरोड़ उपस्थित हुई। उन्होंने बच्चों द्वारा प्रदर्शनी में दिखाए गए विभिन्न मॉडल्स की सराहना की और बच्चों का उत्साहवर्द्धन किया। उन्होंने कहा कि आज के बच्चे ही कल के वैज्ञानिक, इंजीनियर, डॉक्टर, लेखक, कलाकार हैं। बच्चों को अपनी रुचि के अनुसार ही शिक्षा के क्षेत्र में संकाय चुनने चाहिए ताकि वे उसमें बेहतर प्रदर्शन कर सकें। बच्चे देश का भविष्य एवं नींव हैं यदि यह नींव मजबूत होगी तो देश की तरक्की निश्चित है। प्रधान अजमेर सिंह ढांडा ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी भाग लेना चाहिए जिससे उनका पूर्ण विकास हो सके। प्रदर्शनी में स्कूल के विद्यार्थियों ने विभिन्न तरह के मॉडल प्रस्तुत किए जिसमें से चंद्रयान-3 लैंडर और वंश मलिक, नितिन और आदित्य के रोवर की सराहना हुई। इसके अलावा विभिन्न मॉडल्स में ह्यूमन हार्ट, पॉल्यूशन, विन्डमिल, रेन वाटर हारवेस्टिंग, वाटर साइकिल, इलेक्ट्रिक सर्किट, ऐसिड रेन, सोलर व लूनर ऐकलिप्स डे एंड नाइट पार्टस आफ प्लांट्स, कच्चा एवं पक्का हाउस सोलर सिस्टम आदि थे। गणित के पाइथागोरस थियोरम, विभिन्न आकृतियां व उनके फॉर्मूले, ट्रिगनोमैट्रिक सिटी, जियोमैट्रिक सिटी, ताश के पत्तों का खेल, ए.टी.एम मशीन, गणित आधारित खेल व पहेलियाँ, इसके अलावा महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के गणित के क्षेत्र में उपलब्धियों को मॉडल के माध्यम से पेश किया। बच्चों की प्रस्तुतियों की अभिभावकों व अतिथिगण ने सराहना की। इस अवसर पर संजना सातरोड़ व प्रधान अजमेर सिंह ढांडा के अलावा उपप्रधान दिलदार सिंह पूनिया, सचिव परविन्द्र मलिक, कोषाध्यक्ष सागर सिवाच, एक्जीक्यूटिव मेम्बर हर्ष बामल, रिटायर्ड डी.ई.ओ. कर्ण सिंह व कुलदीप नैन व नरेश पूनिया आदि मौजूद रहे जिन्होंने बच्चों के मनोबल को बढ़ाया। स्कूल प्राचार्या सुषमा गोदारा ने संस्था के सभी सदस्यों का स्वागत व धन्यवाद व्यक्त किया।

# किसानों ने फूंका कृषि मंत्री जेपी दलाल का पुतला



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 1 दिसम्बर :** संयुक्त किसान मोर्चा हिसार ने प्रधान शमशेर सिंह नंबरदार व कुलदीप सिंह पूनियां बुड़ाक की अध्यक्षता में कृषि मंत्री जेपी दलाल का पुतला फूंका गया। संचालन निजी सचिव सतबीर धायल ने किया। कृषि मंत्री जेपी दलाल ने किसानों की बेटियों पर 26 नवंबर को अभद्र भाषा का प्रयोग किया उस पर पूरे हरियाणा में कृषि मंत्री का पुतला फूंकने का फैसला किया। उसी संदर्भ में आज कृषि मंत्री का पुतला लघु सचिवालय हिसार पर फूंका गया। आज के इस प्रदर्शन में तहसील प्रधान सूबेसिंह बूरा, सज्जन सिंह रालवास, सतबीर, रोहिल, लक्ष्मण शाहपुर, रत्न सिंह मात्र श्याम, राजबीर सरपंच, ईश्वर सिंह ग्रेवाल, दिलबाग सिंहह हुड्डा, विजय सिंह, शकुंतला जाखड़ महिला समिति, निर्मला देवी, आनंद देव, राजीव मलिक, कृष्ण सिंह पाली, ओमप्रकाश शर्मा, रमेश, सुरेंद्र मान, राजेंद्र वाल्मीकि, सतपाल शर्मा, जिला प्रधान शमशेर सिंह नंबरदार ने संबोधित करते हुए कहा कि हिसार जिला जहां भी कृषि मंत्री सार्वजनिक स्थानों पर जाएंगे वहां पर इनका जबरदस्त विरोध किया जाएगा।

# दयानन्द महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों ने मनाया विश्व एड्स दिवस




पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 1 दिसम्बर :** दयानन्द महाविद्यालय की एनएसएस इकाईयों ने विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एक जागरूकता रैली निकाली। प्रतिवर्ष 1 दिसम्बर को विश्वभर में एड्स दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी संदर्भ में दयानन्द महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह के साथ अपने आस-पास के लोगों को जागरूक करने के लिए एक रैली निकाली। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा स्वयंसेवकों का मनोबल बढ़ाते हुए समाज के प्रति कर्त्तव्यों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया। विश्व एड्स दिवस के अवसर स्वयंसेवकों ने यह रैली एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. चेतन शर्मा, डॉ. इन्द्रजीत सिंह, डॉ. वलेरिया सेठी तथा डॉ. छवि मंगला की देखरेख में निकाली।

## श्रीयोग त्रिवेणी, 12 क्वार्टर का वार्षिक सत्संग समारोह 3 को

**पाठकपक्ष न्यूज, हिसार, 1 दिसम्बर :** श्रीयोग सेवा समिति एवं सर्व साध संगत के तत्वाधान में 12 क्वार्टर रोड़ स्थित परमहंस श्रीयोग त्रिवेणी का 23वां वार्षिक सत्संग समारोह 3 दिसम्बर को आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए समारोह संयोजक साध्वी निजआत्मयोगानंद ने बताया कि प्रातः 11 बजे सत्संग समारोह किया जाएगा। सत्संग में संस्था प्रमुख संत सुखदेवानंद महाराज सहित कई साध्वियां प्रवचन देंगी। सत्संग के समापन पर दोपहर बाद 2 बजे भंडारा चलाया जाएगा।

# धूमधाम से मनाई गई छुपी मुस्कान की पांचवी वर्षगांठ



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 1 दिसम्बर :** गरीब बस्तियों की झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने की दिशा में काम कर रही छुपी मुस्कान फाउंडेशन की पांचवी वर्षगांठ जिमखाना क्लब में धूमधाम से मनाई गई। संस्था के प्रधान आशीष लावट ने बताया कि छोटे-छोटे बच्चों द्वारा विभिन्न राज्यों की संस्कृति को प्रस्तुत करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ झुग्गियों और बस्ती में रहने वाली महिलाओं ने सरस्वती वंदना करके और ज्योत जलाकर किया तथा इन्हीं झुग्गी वाली महिलाओं से ही आए हुए सभी मेहमानों को सम्मानित करवाया गया। इस अवसर पर केबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता की धर्मपत्नी डॉक्टर प्रतिमा गुप्ता, नीलम सुंडा, सुमन बत्रा, उर्मिला बूरा, रेखा ऐरन, राकेश अग्रवाल, नीना चावला, सुमन दुग्गल, पूजा लावट, डॉक्टर मोनिका, युविका सिंह, ज्योति ग्रोवर, मनु बजाज, आदिल चहल के अलावा अनेक डॉक्टर, पार्षद, समाजसेवी संस्था, बिजनेसमैन आदि मौजूद रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए छोटे बच्चों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में गीत और संगीत के दौरान बच्चों के साथ अतिथि भी झूमते नजर आये। बच्चों ने कार्यक्रम में घंटों तक आनंद लिया।

## मंगलमय जाप की पूर्णाहुति सुन्दरकाण्ड पाठ व महाआरती के साथ 3 को

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 1 दिसम्बर :** पूज्य पिताजी श्रीकृष्ण जी महाराज एवं पूज्य मां रेखाजी महाराज के मागदर्शन में मंगलमय जाप की पूर्णाहुति 3 दिसम्बर को श्रीसुन्दरकाण्ड पाठ व महाआरती के साथ होगी। ये जाप 2 नवम्बर को शुरु हुए थे। श्रीराम शरणम् आश्रम, अर्बन एस्टेट-।। के सेवादार एल.डी. पोपली के अनुसार जाप की पूर्णाहुति पर आश्रम में साधक एकत्र होकर सायं 4 बजे से 6 बजे तक श्रीसुन्दरकाण्ड पाठ करेंगे तथा 6:15 बजे से 6:30 बजे तक महाआरती की जाएगी। उन्होंने साधकों से अनुरोध किया है कि श्रीसुन्दरकाण्ड पाठ व महाआरती के कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर भाग लें व गुरु महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करें।

## मानव दिव्यांग परिषद ट्रस्ट दिव्यांगों के लिए लगाएगा शिविर

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 1 दिसम्बर :** मानव दिव्यांग परिषद् ट्रस्ट आश्रम की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई जिसमें सातरोड़ कला आश्रम के प्रधान सन्नी सातरोड़ ने बताया कि आगामी 3 दिसंबर को विश्व विकलांग दिवस के उपलक्ष्य में ट्रस्ट द्वारा एक कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में आए हुए दिव्यांगों को जरूरत के हिसाब से उपकरण व अन्य वस्तुएं दी जाएंगी और हर संभव मदद की जाएगी। ट्रस्ट के संस्थापक उदय भगाना ने बताया कि इस कार्यक्रम में डॉ. जसवंत सिंह, अधीक्षक अभियंता जन स्वास्थ्य विभाग सिरसा सर्कल मुख्य अतथि के रूप में शिरकत करेंगे। कैंप के दौरान जिन दिव्यांगों के ऑप्रेशन करवाने की आवश्यकता पड़ेगी उन्हें आश्रम की तरफ से उदयपुर ले जाकर ऑप्रेशन करवाए जाएंगे। इस अवसर पर संजय हांसी, संजय जुगलान, सुरेश शर्मा व मंदीप भगाना आदि उपस्थित रहे।




शुभ संदेश



भूपेन्द्र मदान को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
-शुभाकांक्षी-
समस्त सर्वोदय एवं सर्वेश हेल्थ सिटी स्टाफ।

ॐ श्री गणेशाय नमः ॐ श्री गुरुवे नमः





भक्ति योग पर दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन
स्थान : श्री आधशक्ति पीठ, मां संतोषी आश्रम, माडल टाउन, हिसार
तिथि : 6 से 10 दिसम्बर 2023 तक
समय : सांय 4 बजे से
व्यास पीठासीन :
श्री श्री 1008 महामण्डलेश्वर स्वामी संतोषी माता जी
आप सभी सादर आमंत्रित हैं
निवेदक
गोत्तम अग्रवाल प्रधान व सभी कार्यकारिणी सदस्य।
सम्पर्क सूत्र : 94160-47797, 97281-36955 व 93158-24760

त्यौहारों का सीजन : हेयर ट्रांसप्लांट आकर्षक पैकेज में एवं ओपीडी डिस्काउंट 300/- की बजाय मात्र 200/-
एनसीआर व हिसार क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय हेअर सोसायटी के मेम्बर
डॉ. विक्रम नटराज गोयल
MBBS, MS, M.Ch Plastic Surgery, Ahmedabad, Fellow U.S.A.
सौंदर्य
SKIN, BURNS, HAIR TRANSPLANT, LASER & PLASTIC SURGERY CENTRE
दिल्ली, चण्डीगढ़, जयपुर वाला ईलाज अब हिसार में उपलब्ध
BURNS, जले हुए मरीजों का आधुनिक ईलाज (आई.सी.यू.) सुविधा उपलब्ध
बालों का झड़ना, पतला होना, अनावश्यक गंजापन, हेयर ट्रांसप्लांट, कॉस्मैटिक एवं प्लास्टिक सर्जरी संबंधित परामर्श/इलाज उपलब्ध
बुकिंग : पहले आओ-पहले पाओ
अखबार की प्रति लायें-विशेष छूट पायें
शर्तें लागू



गोयल हस्पताल
मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सा उपलब्ध
Dabra Chowk, Opp. Saraswati Provisional Store
Nirankari Bhawan Road, Hisar
Ph.: 01662-248105, 89012-10825, 09812130025



डा. प्रीति जैन
MBBS, MS
पूर्व सीनियर स्त्री रोग विशेषज्ञ
जिन्दल हस्पताल, हिसार
स्त्री रोग व अनुभवी लेप्रोस्कोपिक सर्जन
सुविधाएँ :-
MYOMA, POLYP बच्चेदानी में गांठ
बच्चेदानी में SEPTUM
बंद ट्यूब्स खोलना
बच्चेदानी में जाला
Hysteroscopic Operations
For Appointment Please Call :
HOSPITAL 9996902728
GYNAE 9813347766
GOBIND NURSING HOME
GOBIND NURSING HOME
120, Het Ram Road, Opposite Jat College Road, Hisar, 125001

लेजर किरणों द्वारा चश्में व कॉन्टेक्ट लैंस से छूटकारा पायें
100 % ब्लेड रहित
विश्व की अत्याधुनिक अमेरिकन मशीन
iLASIK
चश्मा हटवायें
नई रोशनी पायें





Latest Model
Femtosecond Laser
IFS 150 HZ
American Technology
AVAILABLE FACILITIES :
PRK, LASIK, C-LASIK SBK and I-Lasik (FEMTO)
डॉ. एस.बी. जैन
एम.एस. ( नेत्र ) एफ.आई.सी.ओ. ( जापान )
लेसिक लेजर एवं फेको विशेषज्ञ
जैन आँखों का हस्पताल
डाबड़ा रोड़, हिसार मो. 97295-27774, 94680-15977

Host your functions in
Largest Airconditioned Banquet of Haryana (12000 sq.ft.)
Midtown GRAND
BANQUETS ✦ CONFERENCES ✦ ROOMS



Contact : Vikas Aggarwal 98960-85200
Reception : 98960-06900, 99960-04411



प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33-एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33-एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।
सम्पादक : आशीष मलिक
उप-सम्पादक : मनोज कुमार
विजय कुमार : 98964-72584
श्याम नागपाल : 92552-73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960-38818
Email : dailypathakpaksh@yahoo.in
कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)
किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।